epaper.dehatsandesh.com



3 पेंशनभोगियों से शीघ्र जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अपील

5 मैक्सवेल को उम्मीद, भारत के खिलाफ टी 20 सीरीज से कर सकते हैं वापसी

8 डीसी ने लखनपुर में जारी जीर्णोद्धार कार्यों एवं मल्टी-स्पोर्ट इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया

मौसम जम्मू न्यूनतम 19 अधिकतम 24

E-mail: dehatsandesh@gmail.com

# देहात संदेश

जम्मू-कश्मीर का एकमात्र ग्रामीण दैनिक

वर्ष 22, जमू तवी, अंक 249 | जमू तवी, शुक्रवार 10 अक्तूबर 2025 | मूल्य- 2 रूपये (लेह) 4 रूपये | पृष्ठ -8

## अमित शाह ने जमू-कश्मीर की सुरक्षा समीक्षा की, कहा सुरक्षा बलों को आतंकी खतरों को कुचलने की पूरी आज़ादी



**नई दिल्ली, 9 अक्टूबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और ज़ोर देकर कहा कि क्षेत्र में शांति को ख़तरा पैदा करने वाली किसी भी कोशिश को कुचलने के लिए सुरक्षा बलों को पूरी आज़ादी मिलती रहेगी। लगभग तीन घंटे चली इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, ख़ुफ़िया ब्यूरो के निदेशक, थल सेनाध्यक्ष, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक और भारत सरकार, सेना और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए, शाह ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के निरंतर प्रयासों ने भारत विरोधी ताकतों द्वारा पोषित आतंकवादी नेटवर्क को लगभग पंगु बना दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र आतंकवाद-रोधी अभियानों को मज़बूत करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराता रहेगा। सुरक्षा एजेंसियों के सक्रिय रुख की सराहना करते हुए शाह ने कहा, क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को ख़तरे में डालने वाली किसी भी कोशिश को

> **जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी तंत्र लगभग समाप्त हो गया है**

कुचलने के लिए सुरक्षा बलों को पूरी आज़ादी मिलती रहेगी। उन्होंने हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन और सुरक्षा बलों द्वारा उठाए गए कदमों की भी सराहना की और कहा कि इन कदमों से घाटी में समग्र सुरक्षा परिदृश्य को बेहतर बनाने में मदद मिली है। सभी एजेंसियों के बीच समन्वय के महत्व पर ज़ोर देते हुए, गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह से ख़त्म करने के लिए कड़ी सतर्कता बरतने का आह्वान किया। सर्दियों की शुरुआत के साथ, शाह ने सुरक्षा बलों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि आतंकवादी सीमा पार घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फ़ायदा न उठा सकें। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने कहा कि सर्दियों में आतंकवादी बर्फबारी का फायदा उठाकर घुसपैठ नहीं कर सके, इसके लिए सुरक्षाबल को हर तरह से तैयार रहना होगा। बैठक में जम्मू और कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, थल सेनाध्यक्ष, जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक तथा भारत सरकार, सेना और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद-मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के ठोस प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में देश के दुश्मनों द्वारा पोषित आतंकवादी तंत्र लगभग समाप्त हो गया है।

## भारत और ब्रिटेन की साझेदारी वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति का आधार : मोदी

**'भारत और ब्रिटेन के बीच यह बढ़ती हुई साझेदारी वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण आधार बन रही है**



**मुंबई 09 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और ब्रिटेन को स्वाभाविक साझेदार बताते हुए कहा है कि मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के दौर में दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण आधार है।

भारत यात्रा पर आये ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ गुरुवार को यहां राज भवन में व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में श्री मोदी ने कहा कि श्री स्टारमर के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने खनिज क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, हमने महत्वपूर्ण खनिज पर सहयोग के लिए एक इंडस्ट्री गिल्ड और सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी की स्थापना का निर्णय लिया है। इसका सेटेलाइट कैंपस आई एस एम, धनबाद में होगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने सैन्य प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी सहयोग का समझौता किया है। इसके तहत भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर ब्रिटिश वायु सेना में ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी भरोसे, प्रतिभा और प्रौद्योगिकी पर आधारित है। उन्होंने कहा, हमारे संबंधों की नीव में लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास शामिल है। श्री मोदी ने कहा, मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के दौर में, भारत और ब्रिटेन के बीच यह बढ़ती हुई साझेदारी वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण आधार बन रही है।

उन्होंने कहा कि आज बातचीत के दौरान दोनों देशों ने हिंद प्रशांत और पश्चिम एशिया में शांति तथा स्थिरता और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर भी विचार साझा किये। उन्होंने कहा, यूक्रेन कान्फिलक्ट और गजा के मुद्दे पर, भारत डायलॉग और डिप्लोमेसी से शांति की बहाली के सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

उन्होंने कहा कि दोनों देश हिन्द प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और सहयोग बढ़ाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री स्टारमर के साथ आये शिक्षा क्षेत्र के अब तक के सबसे बड़े और प्रभावशाली प्रतिनिधिमंडल का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि अब ब्रिटेन की नौ यूनिवर्सिटी भारत में कैंपस खोलने जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### लापता सैनिकों की तीसरे दिन भी तलाश, हेलीकॉप्टरों को हवाई टोही में लगाया गया

**श्रीनगर, 09 अक्टूबर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में दो लापता सैनिकों का पता लगाने और उन्हें बचाने के लिए तलाशी अभियान गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी है। घने जंगल, ऊबड़-खाबड़ इलाके और खराब मौसम के कारण अभियान में बाधा आ रही है।

कोकरनाग इलाके में आतंकवादियों के एक समूह के इलाके में छिपे होने की सूचना मिलने के बाद दो दिन पहले अहलान गडोले इलाके में एक अभियान शुरू किया गया था। इसी तलाशी अभियान के दौरान विशिष्ट पैरा यूनिट के दो कमांडो मंगलवार को संचार लाइन बंद हो जाने के बाद लापता हो गए थे। कमांडो का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टरों को हवाई टोही में लगाया गया है।

श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने कहा कि अभियान दल सोमवार रात एक भयंकर बर्फीले तूफान में फंस गया था। चिनार कोर ने कहा कि 6 और 7 अक्टूबर की दरम्यानी रात को किश्तवाड़ रेंज में एक ऑपरेशनल टीम को दक्षिण कश्मीर के पहाड़ों में भयंकर बर्फीले तूफान और बर्फ़बारी का सामना करना पड़ा, तब से दो सैनिकों का संपर्क टूट गया है। इसमें कहा गया है कि गहन खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया है, लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण इसमें बाधा आ रही है।

### आतंकी ठिकाने का भंडाफोड, दो एके-सीरीज राइफल सहित हथियारों का जखीरा बरामद

**कुपवाड़ा, 09 अक्टूबर।** सुरक्षाबलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और दो एके-सीरीज़ राइफल सहित हथियारों और गोला-बारूद का एक जखीरा बरामद किया। सेना ने कहा कि यह बरामदगी पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने कुपवाड़ा के वारसन स्थित ब्रिजथोर जंगल से की।



सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुपवाड़ा के वारसन स्थित ब्रिजथोर जंगल के सामान्य क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों ने एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और दो एके सीरीज़ राइफलें, चार रॉकेट लॉन्चर, गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा और अन्य युद्ध-संबंधी सामान बरामद किया।

### विकास के एजेंडे पर बडगाम और नगरोटा उपचुनाव जीतेगी भाजपा: अंद्राबी

**जम्मू, 9 अक्टूबर।** जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष और भाजपा नेता दरख्शां अंद्राबी ने गुरुवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि बडगाम और नगरोटा के लोग आगामी उपचुनावों में विकास के लिए वोट देंगे। विभिन्न वरिष्ठ समाचार संवाददाताओं से बात करते हुए, अंद्राबी ने कहा कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव टीम दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के चयन को अंतिम रूप दे रही है।

## जम्मू-कश्मीर सरकार ने बड़े प्रशासनिक फेरबदल के आदेश दिए, 108 अधिकारियों का तबादला

**जम्मू, 9 अक्टूबर।** एक प्रशासनिक फेरबदल में, जम्मू-कश्मीर सरकार ने गुरुवार को केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न विभागों में 108 अधिकारियों के स्थानांतरण और नियुक्ति के आदेश दिए। आदेश के अनुसार, जिसकी एक प्रति समाचार एजेंसियों के विभिन्न वरिष्ठ समाचार संवाददाताओं के पास भी उपलब्ध है, सामान्य प्रशासन विभाग में समायोजन की प्रतीक्षा कर रहे मंजूर अहमद कादरी को झील संरक्षण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एलसीएमए) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है और वे डब्ल्यूयूसीएमए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का भी प्रभार संभालेंगे। जम्मू-कश्मीर भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के सीईओ/सचिव ऐजाज़ अब्दुल्ला सराफ का तबादला कर उन्हें जम्मू-कश्मीर विशेष न्यायाधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया है। सूचना विभाग के सचिव मुनीर-उल-इस्लाम, श्रमिक कल्याण बोर्ड के सीईओ/सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। जम्मू-कश्मीर वित्तीय निगम के प्रबंध निदेशक मथोरा मासूम को पुष्पकृषि, कश्मीर का निदेशक नियुक्त किया गया है। समायोजन की प्रतीक्षा कर रहे राजेश कुमार शवन को जनजातीय मामलों के विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। आईसीडीएस, जम्मू-कश्मीर के मिशन निदेशक मुशीर अहमद को परिवहन विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। जम्मू-कश्मीर सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार श्रंगल को वित्त विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि समायोजन की प्रतीक्षा कर रहे अब्दुल रशीद वार, जम्मू-कश्मीर सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभालेंगे। एलसीएमए के उपाध्यक्ष और डब्ल्यूयूसीएमए के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे मोहम्मद शाहिद सलीम डार को आतिथ्य एवं प्रोटोकॉल विभाग का निदेशक नियुक्त किया गया है। कृषि उत्पादन विभाग के विशेष सचिव रविशंकर शर्मा को आपदा प्रबंधन, राहत, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण विभाग में विशेष सचिव के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इनमें कई और अधिकारी शामिल हैं

## रामबन में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी की ज़मीन ज़ब्त

**जम्मू, 9 अक्टूबर।** पुलिस ने बताया कि गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन ज़िले में एक पाकिस्तानी आतंकवादी की कृषि भूमि ज़ब्त कर ली गई। दुमकी-सुंबर में स्थित 4.11 कनाल ज़मीन फ़ारूक़ अहमद उर्फ़ आबिद की है। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसे गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत ज़ब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि उचित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए, संपत्ति को आधिकारिक राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया और बिक्री या हस्तांतरण पर रोक लगाने वाला नोटिस विधिवत जारी कर दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि ज़ब्त की कार्रवाई एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट और अन्य आधिकारिक गवाहों की मौजूदगी में की गई, ताकि कानूनी मानदंडों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। यह निर्णायक कदम क्षेत्र में गैरकानूनी और विध्वंसक गतिविधियों की चल रही जाँच में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रवक्ता ने कहा, यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरों को बेअसर करने और केंद्र शासित प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के पुलिस के दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## सुप्रीम कोर्ट आज राज्य का दर्जा बहाल करने की याचिकाओं पर सुनवाई करेगा

**श्रीनगर, 9 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। ये याचिकाएँ भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) की अदालत में क्रम संख्या 17 पर सूचीबद्ध हैं। अधिवक्ता सोएब कुरैशी ने बताया, यह मामला 10 अक्टूबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अभी तक इस मामले पर कोई जवाब दाखिल नहीं किया है।

14 अगस्त को जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ज़मीनी हालात पर विचार किया जाना चाहिए और पहलगाम हमले जैसी घटनाओं को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि आपको ज़मीनी हक़ीक़तों को भी ध्यान में रखना होगा; आप पहलगाम में जो हुआ उसे नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते।

## जम्मू-कश्मीर में दूध और मटन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मुख्य सचिव ने रणनीतिक प्रयास करने पर जोर दिया



**श्रीनगर 09 अक्टूबर।** मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने कृषि उत्पादन विभाग की एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में दूध और मटन उत्पादन बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे उपायों की समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि उचित नीतिगत हस्तक्षेप और विभागीय सहयोग के जरिये ये दोनों क्षेत्र विकास, मूल्य संवर्धन और उद्यमिता की अपार संभावनाएं रखते हैं। बैठक में कृषि उत्पादन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शैलेंद्र कुमार, स्कॉस्ट-जम्मू के उपकुलपति, एचएडीपी के प्रबंध निदेशक, डेयरी विकास के प्रबंध निदेशक, जम्मू और कश्मीर दोनों मंडलों के कृषि और भेड़ पालन निदेशक और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने इन क्षेत्रों में ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया जिन्हें दोहराया जा सके, ताकि जनसहभागिता और उद्यमिता को प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर मुख्य रूप से उपभोक्ता राज्य होने के कारण दूध, मटन और इनके प्रसंस्कृत उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार प्रदान करता है। स्थानीय मांग को पूरा करने के साथ-साथ, इन उत्पादों के वाणिज्यिक विस्तार और निर्यात की भी अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश को केवल पैकेजिंग और ब्रांडिंग से आगे बढ़ना चाहिए।

## जमू-कश्मीर में 7 आईपीएस और 14 जेकेपीएस अधिकारियों के तबादले के आदेश

**श्रीनगर, 9 अक्टूबर** । जम्मू-कश्मीर सरकार ने बुधवार को पुलिस प्रशासन में एक महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए प्रशासन के हित में सात आईपीएस और 14 जेकेपीएस अधिकारियों का तबादला और नियुक्ति की है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश संख्या 484-गृह 2025 के अनुसार नियुक्ति आदेशों की प्रतीक्षा कर रहे आईपीएस अब्दुल गनी मीर (एजीएमयूटी 1994) को जम्मू-कश्मीर में होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा और एसडीआरएफ का कमांडेंट जनरल नियुक्त किया गया है। वे आईपीएस आलोक कुमार को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करेंगे। अन्य प्रमुख तबादलों में मोहम्मद यासीन किचलू आईपीएस (एजीएमयूटी 2013) को एसएसपी सीआईसीई जम्मू से स्थानांतरित कर प्रिंसिपल एसटीसी तलवारा के पद पर तैनात किया गया है जबकि शोभित सक्सेना आईपीएस (एजीएमयूटी 2015) एसएसपी कठुआ को एसएसपी सुरक्षा जम्मू-कश्मीर नियुक्त किया गया है।तनुश्री आईपीएस (एजीएमयूटी 2017) जो एसपी एसआईए मुख्यालय के रूप में कार्यरत हैं को एसएसपी पुलवामा के पद पर स्थानांतरित किया गया है जो पी.डी. नित्या आईपीएस की जगह लेंगे जबकि साहिल सारंगल आईपीएस (एजीएमयूटी 2017) को एसएसपी हंदवाड़ा के पद पर नियुक्त किया गया है जो मुश्ताक अहमद का स्थान लेंगे। मोहिता शर्मा आईपीएस (एजीएमयूटी 2017) एआईजी प्रोविजन्स को एसएसपी कठुआ के पद पर नियुक्त किया गया है जो सक्सेना का स्थान लेंगे और अनायत अली चौधरी आईपीएस (एजीएमयूटी 2017) को एसएसपी कुलगाम के पद पर स्थानांतरित किया गया है जो साहिल सारंगल का स्थान लेंगे। जेकेपीएस कैडर में भी कई अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति की गई है। मोहम्मद आरिफ रिशु को सीटीसी लेथपोरा का निदेशक, बेनाम तोश को एसकेपीए उधमपुर का उप निदेशक और हरमीत सिंह मेहता को कमांडेंट 13 आईआर नियुक्त किया गया है।अन्य उल्लेखनीय तबादलों में जाविद इकबाल को एआईजी सीटी एंड इंटेलिजेंस, मोहम्मद फीसल कुरैशी को एसएसपी ईओडब्ल्यू जम्मू, रमनीश गुप्ता को एसएसपी सीआईसीई जम्मू, ऐजाज अहमद जरगर को एसएसपी बांदीपोरा और मुश्ताक अहमद को एसएसपी शोपियां नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त आशिक हुसैन टाक, ओवैस राशिद, सरफराज बशीर गनई, ग़ैर मुस्तफा भट, शहजादा कबीर मट्टू और आशीष गुप्ता सहित कई प्रतीक्षारत अधिकारियों को आईआरपी और जेकेएपी इकाइयों में विभिन्न बटालियन पदों पर नियुक्त किया गया है

## आतंक और बातचीत साथ नहीं चल सकते, ऑस्ट्रेलिया ने किया राजनाथ सिंह की बात का समर्थन

**नई दिल्ली, 9 अक्टूबर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को आतंकवाद पर बेहद सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि आतंक और बातचीत साथ नहीं चल सकते, आतंक और व्यापार साथ नहीं चल सकते और पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। उन्होंने यह बात ऑस्ट्रेलिया में वहां के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ एक आधिकारिक बातचीत में कही। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर भारत को अपना समर्थन दिया है। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी संक्षिप्त रूप से हिस्सा लिया। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और प्रधानमंत्री अल्बनीज को मई 2025 में हुई उनकी चुनाव जीत के लिए बधाई दी। अल्बनीज ने भारत की आर्थिक प्रगति, रक्षा, साइबर सुरक्षा और आईटी क्षेत्रों में उपलब्धियों की सराहना की और द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने में उत्साह व्यक्त किया।

## ईओडल्यू ने चार दलालों के खिलाफ दर्ज 53 लाख के भूमि धोखाधड़ी मामले में श्रीनगर में कई जगहों पर ली तलाशी




**श्रीनगर, 9 अक्टूबर** । कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा ने गुरुवार को चार दलालों के खिलाफ दर्ज 53 लाख की भूमि धोखाधड़ी के मामले में श्रीनगर में कई जगहों पर तलाशी ली। इन दलालों पर जाली संपत्ति सौदों के जरिए एक शिकायतकर्ता को धोखा देने का आरोप है। तलाशी अभियान फिलहाल जारी है।

क्राइम ब्रांच कश्मीर की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) 53 लाख की भूमि धोखाधड़ी में शामिल चार व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 120-बी के तहत दर्ज एफआईआर संख्या 23/2025 के संबंध में श्रीनगर जिले में कई जगहों पर घरों की तलाशी ले रही है।

यह मामला एक लिखित शिकायत के बाद दर्ज किया गया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि भूमि दलाल तारिक अहमद हजाम, गुलाम हसन मीर, सोनाउल्लाह मीर और रज्जाक मीर सभी बरथाना श्रीनगर के निवासी हैं ने भूमि सौदे में मदद करने के बहाने शिकायतकर्ता से धोखे से 53.00 लाख हड़प लिए। जाँच से पता चला है कि आरोपियों ने कुछ राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से दस्तावेजों में हेराफेरी की और सरकारी प्रक्रियाओं का दुरुपयोग करके अवैध रूप से धन और संपत्ति हासिल की। सबूतों का पता लगाने और साजिश से जुड़े सभी सरकारी कर्मचारियों सहित इसमें शामिल व्यक्तियों के व्यापक नेटवर्क की पहचान करने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## जावेद राणा ने बारामुला, सोपोर और राफियाबाद निर्वाचन क्षेत्रों के प्रमुख मुद्दों की समीक्षा की

**श्रीनगर 09 अक्टूबर।** जल शक्ति, वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण तथा जनजातीय मामलों के मंत्री जावेद अहमद राणा और .षि उत्पादन एवं ग्रामीण विकास मंत्री जावेद अहमद डार ने बारामुला, सोपोर और रफ़ियाबाद निर्वाचन क्षेत्रों में विकास चुनौतियों और जन-कल्याण संबंधी चिंताओं की व्यापक समीक्षा की और समाधान पर चर्चा की।

बैठक में प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया, जिनमें विधायक सोपोर इरशाद रसूल कर और विधायक बारामुला जावेद हसन बैग समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

इनमें जिला विकास आयुक्त बारामुला, जल शक्ति और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग कश्मीर के मुख्य अभियंता, उनके अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता और सहायक कार्यकारी अभियंता शामिल थे। इसके अलावा उत्तर सर्कल सोपोर के वन संरक्षक तथा अन्य संभागीय और जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद थे।

बैठक के दौरान मंत्री जावेद राणा ने तीनों निर्वाचन क्षेत्रों में तीव्र और समावेशी विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया और विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि सभी चल रही और आगामी परियोजनाओं को समयबद्ध, कुशल और सतत तरीके से लागू किया जाए।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूर्ण हो चुकी सभी जलापूर्ति योजनाओं को बिना विलंब चालू किया जाए ताकि लाभ तुरंत जनता तक पहुँच सके।

## सकीना इटू ने सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के कार्यान्वयन पर केंद्रीय मंत्री की वर्चुअल बैठक में भाग लिया



**श्रीनगर 09 अक्टूबर।** समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सकीना इत्तू ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल बैठक में भाग लिया, जिसमें देश भर में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान, मंत्री सकीना ने मंत्री को जम्मू-कश्मीर में महिला एवं बाल विकास से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। सकीना इत्तू ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष विभिन्न मुद्दे भी उठाए और आंगनवाड़ी सहायिकाओं की भर्ती में योग्यता संबंधी बाधा को हटाने की मांग की। उन्होंने किराए के भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए स्थायी आवास की व्यवस्था करने की भी मांग की, क्योंकि इससे इन केंद्रों के उचित रखरखाव में बाधा उत्पन्न होती है। मंत्री सकीना ने केंद्रीय मंत्री से धन के सुचारू प्रवाह का भी अनुरोध किया ताकि आंगनवाड़ी सहायिकाओं और कार्यकर्ताओं को समय पर वेतन का भुगतान किया जा सके। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को महिला एवं बाल विकास पर विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, और राजस्थान का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह पर्व सौभाग्यवती(सुहागिन) स्त्रियाँ मनाती हैं। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चंद्रमा दर्शन के बाद संपूर्ण होता है।

# करवा चौथ

## प्यार-विश्वास का त्योहार

ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलाओं तक सभी नारियाँ करवाचौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करना चाहिए। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में भी संकष्टीगणेश चतुर्थी की तरह दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवाचौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं।

**व्रत** – कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करक चतुर्थी (करवा-चौथ) व्रत करने का विधान है। इस व्रत की विशेषता यह है कि केवल सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। स्त्री किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की हो, सबको इस व्रत को करने का अधिकार है। जो सौभाग्यवती (सुहागिन) स्त्रियाँ अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे यह व्रत रखती हैं।

यह व्रत 12 वर्ष तक अथवा 16 वर्ष तक लगातार हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन (उपसंहार) किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियाँ आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। अतः सुहागिन स्त्रियाँ अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का सतत पालन करें।

**व्रत की विधि** – कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है, उस दिन प्रातः स्नान करके अपने सुहाग (पति) की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें।

पूजन – उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। पूजन करने के लिए बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी बनाकर उपरोक्त वर्णित सभी देवों को स्थापित करें।

**नैवेद्य** – शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर मोदक (लड्डू) नैवेद्य हेतु बनाएँ।

करवा – काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के करवे अथवा तांबे के बने हुए करवे।

**संख्या** – 10 अथवा 13 करवे अपनी सामर्थ्य अनुसार रखें।

**पूजन विधि** – बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाड़ा बाँधकर देवता की भावना करके स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें।

**पूजन हेतु निम्न मंत्र बोलें** – ओम शिवायै नमः से पार्वती का, ओम नमः शिवाय से शिव का, ओम षण्मुखाय नमः से स्वामी कार्तिकेय का, ओम गणेशाय नमः से गणेश का तथा ओम सोमाय नमः से चंद्रमा का पूजन करें।

करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। करवा चौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्घ्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएँ। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। पति की माता (अर्थात अपनी सासूजी) को उपरोक्त रूप से अर्पित एक लोटा, वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे जीवित न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।

## पूजन सामग्री

करवा चौथ एक नारी पर्व है। इस व्रत को सौभाग्यवती महिलाएं करती हैं। इस व्रत में प्रमुखतः गौरी व गणेश का पूजन किया जाता है। जिसमें पूजन सामग्री का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। आइए देखते हैं करवा चौथ से जुड़ी पूजन सामग्री की सूची – 1. चंदन 2. शहद 3. अगरबत्ती 4. पुष्प 5. कच्चा दूध 6. शक्कर 7. शुद्ध घी 8. दही 9. मिठाई 10. गंगाजल 11. कुंकू 12. अक्षत (चावल) 13. सिंदूर 14. मेहंदी 15. महावर 16. कंघा 17. बिंदी 18. चुनरी 19. चूड़ी 20. बिछुआ 21. मिट्टी का टोंटीदार करवा व ढक्कन 22. दीपक 23. रुई 24. कपूर 25. गेहूं 26. शक्कर का बूरा 27. हल्दी 28. पानी का लोटा 29. गौरी बनाने के लिए पीली मिट्टी 30. लकड़ी का आसन 31. चलनी 32. आठ पूरियों की अठावरी 33. हलुआ 34. दक्षिणा (दान) के लिए पैसे, इत्यादि।

## दूध का अर्घ्य चढ़ेगा चंद्र देव को



पति की लंबी उम्र और मंगल कामना के लिए सुहागिनें करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इस दिन निर्जला उपवास कर शाम को चंद्र दर्शन के बाद व्रत का समापन करेंगी। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत रखा जाएगा। सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सुहाग की रक्षा और पति के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। इस दिन महिलाएं सुबह से ही व्रत रखकर संध्या के समय करवा चौथ की कथा का श्रवण करेंगी और रात में चंद्रदेव को अर्घ्य देकर व्रत तोड़ेंगी। यह व्रत निराहार ही नहीं बल्कि निर्जला के रूप में ही करना अधिक लाभप्रद माना जाता है। इस व्रत में भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, चंद्रदेव और गौरा का पूजन करने का विधान है। विधिवत पूजा-अर्चना के लिए एक तांबे या मिट्टी के पात्र में चावल, उड़द की दाल, सुहाग की सामग्री किसी श्रेष्ठ सुहागिन महिला या अपनी सास के चरण स्पर्श कर उन्हें भेंट करना चाहिए। कथा श्रवण करने के बाद रात में जैसे ही चंद्रदेव का उदय हो उसे छलनी से देखकर दूध एवं जल से अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद पहले चंद्रदेव और अपने पतिदेव की पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसा करने से पति की आयु लंबी होती है।

## व्रत की पूजन विधि

हिंदू सनातन पद्धति में करवा चौथ सुहागिनों का महत्वपूर्ण त्योहार माना गया है। इस पर्व पर महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाकर, चूड़ी पहन व सोलह श्रृंगार कर अपने पति की पूजा कर व्रत का पारायण करती हैं। सुहागिन या पतिव्रता स्त्रियों के लिए करवा चौथ बहुत ही महत्वपूर्ण व्रत है। यह व्रत कार्तिक कृष्ण की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी को किया जाता है। यदि दो दिन की चंद्रोदय व्यापिनी हो या दोनों ही दिन, न हो तो मातृविद्धा प्रशस्यते के अनुसार पूर्वविद्धा लेना चाहिए। स्त्रियां इस व्रत को पति की दीर्घायु के लिए रखती हैं। यह व्रत अलग-अलग क्षेत्रों में वहां की प्रचलित मान्यताओं के अनुरूप रखा जाता है, लेकिन इन मान्यताओं में थोड़ा-बहुत अंतर होता है। सार तो सभी का एक होता है पति की दीर्घायु।

### करवा चौथ व्रत विधि

- करवा चौथ की आवश्यक संपूर्ण पूजन सामग्री को एकत्र करें।
- व्रत के दिन प्रातः स्नानादि करने के पश्चात यह संकल्प बोलकर करवा चौथ व्रत का आरंभ करें- मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये।
- पूरे दिन निर्जला रहें।
- दीवार पर गेरू से फलक बनाकर पिसे चावलों के घोल से करवा चित्रित करें। इसे वर कहते हैं। चित्रित करने की कला को करवा धरना कहा जाता है।
- आठ पूरियों की अठावरी बनाएं। हलुआ बनाएं। पक्के पकवान बनाएं।
- पीली मिट्टी से गौरी बनाएं और उनकी गोद में गणेशजी बनाकर बिठाएं।
- गौरी को लकड़ी के आसन पर बिठाएं। चौक बनाकर आसन को उस पर रखें। गौरी को चुनरी ओढ़ाएं। बिंदी आदि सुहाग सामग्री से गौरी का श्रृंगार करें।
- जल से भरा हुआ लोटा रखें।
- वायना (भेंट) देने के लिए मिट्टी का टोंटीदार करवा लें। करवा में गेहूं और ढक्कन में शक्कर का बूरा भर दें। उसके ऊपर दक्षिणा रखें।
- रोली से करवा पर स्वस्तिक बनाएं।
- गौरी-गणेश और चित्रित करवा की परंपरानुसार पूजा करें। पति की दीर्घायु की कामना करें।
  नमः शिवायै शर्वाण्यै सौभाग्यं संतति शुभाम। प्रयच्छ भक्तियुक्तानां नारीणां हरवल्लभे ॥
- करवा पर 13 बिंदी रखें और गेहूं या चावल के 13 दाने हाथ में लेकर करवा चौथ की कथा कहें या सुनें।
- कथा सुनने के बाद करवा पर हाथ घुमाकर अपनी सासुजी के पैर छूकर आशीर्वाद लें और करवा उन्हें दे दें।
- तेरह दाने गेहूं के और पानी का लोटा या टोंटीदार करवा अलग रख लें।
- रात्रि में चन्द्रमा निकलने के बाद छलनी की ओट से उसे देखें और चन्द्रमा को अर्घ्य दें।
- इसके बाद पति से आशीर्वाद लें। उन्हें भोजन कराएं और स्वयं भी भोजन कर लें।
  पूजन के पश्चात आस-पड़ोस की महिलाओं को करवा चौथ की बधाई देकर पर्व को संपन्न करें।

## करवाचौथ की कथा

बहुत समय पहले की बात है, एक साहूकार के सात बेटे और उनकी एक बहन करवा थी। सभी सातों भाई अपनी बहन से बहुत प्यार करते थे। यहाँ तक कि वे पहले उसे खाना खिलाते और बाद में स्वयं खाते थे। एक बार उनकी बहन ससुराल से मायके आई हुई थी। शाम को भाई जब अपना व्यापार-व्यवसाय बंद कर घर आए तो देखा उनकी बहन बहुत व्याकुल थी। सभी भाई खाना खाने बैठे और अपनी बहन से भी खाने का आग्रह करने लगे, लेकिन बहन ने बताया कि उसका आज करवा चौथ का निर्जल व्रत है और वह खाना सिर्फ चंद्रमा को देखकर उसे अर्घ्य देकर ही खा सकती है। चूँकि चंद्रमा अभी तक नहीं निकला है, इसलिए वह भूख-प्यास से व्याकुल हो उठी है।

सबसे छोटे भाई को अपनी बहन की हालत देखी नहीं जाती और वह दूर पीपल के पेड़ पर एक दीपक जलाकर चलनी की ओट में रख देता है। दूर से देखने पर वह ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे चतुर्थी का चाँद उदित हो रहा हो।

इसके बाद भाई अपनी बहन को बताता है कि चाँद निकल आया है, तुम उसे अर्घ्य देने के बाद भोजन कर सकती हो। बहन खुशी के मारे सीढ़ियों पर चढ़कर चाँद को देखती है, उसे अर्घ्य देकर खाना खाने बैठ जाती है।

वह पहला टुकड़ा मुँह में डालती है तो उसे छींक आ जाती है। दूसरा टुकड़ा डालती है तो उसमें बाल निकल आता है और जैसे ही तीसरा टुकड़ा मुँह में डालने की कोशिश करती है तो उसके पति की मृत्यु का समाचार उसे मिलता है। वह बौखला जाती है। उसकी भाभी उसे सच्चाई से अवगत कराती है कि उसके साथ ऐसा क्यों हुआ। करवा चौथ का व्रत गलत तरीके से टूटने के कारण देवता उससे नाराज हो गए हैं और उन्होंने ऐसा किया है।

सच्चाई जानने के बाद करवा निश्चय करती है कि वह अपने पति का अंतिम संस्कार नहीं होने देगी और अपने सतीत्व से उन्हें पुनर्जीवन दिलाकर रहेगी। वह पूरे एक साल तक अपने पति के शव के पास बैठी रहती है। उसकी देखभाल करती है। उसके ऊपर उगने वाली सूईनुमा घास को वह एकत्रित करती जाती है।

एक साल बाद फिर करवा चौथ का दिन आता है। उसकी सभी भाभियाँ करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब भाभियाँ उससे आशीर्वाद लेने आती हैं तो वह प्रत्येक भाभी से यम सूई ले लो, पिय सूई दे दो, मुझे भी अपनी जैसी सुहागिन बना दो ऐसा आग्रह करती है, लेकिन हर बार भाभी उसे अगली भाभी से आग्रह करने का कह चली जाती है।

इस प्रकार जब छठे नंबर की भाभी आती है तो करवा उससे भी यही बात दोहराती है। यह भाभी उसे बताती है कि चूँकि सबसे छोटे भाई की वजह से उसका व्रत टूटा था अतः उसकी पत्नी में ही शक्ति है कि वह तुम्हारे पति को दोबारा जीवित कर सकती है, इसलिए जब वह आए तो तुम उसे पकड़ लेना और जब तक वह तुम्हारे पति को जिंदा न कर दे, उसे नहीं छोड़ना। ऐसा कह के वह चली जाती है। सबसे अंत में छोटी भाभी आती है। करवा उनसे भी सुहागिन बनने का आग्रह करती है, लेकिन वह टालमटोली करने लगती है। इसे देख करवा उन्हें जोर से पकड़ लेती है और अपने सुहाग को जिंदा करने के लिए कहती है। भाभी उससे छुड़ाने के लिए नोचती है, खसोटती है, लेकिन करवा नहीं छोड़ती है। अंत में उसकी तपस्या को देख भाभी पसीज जाती है और अपनी छोटी अँगुली को चीरकर उसमें से अमृत उसके पति के मुँह में डाल देती है। करवा का पति तुरंत श्रीगणेश-श्रीगणेश कहता हुआ उठ बैठता है। इस प्रकार प्रभु कृपा से उसकी छोटी भाभी के माध्यम से करवा को अपना सुहाग वापस मिल जाता है। हे श्री गणेश माँ गौरी जिस प्रकार करवा को चिर सुहागन का वरदान आपसे मिला है, वैसा ही सब सुहागिनों को मिले।

## भारत भर में मनाया जाता है करवा चौथ

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चौथी तिथि को सदियों से करवा चौथ के रूप में मनाया जाता है। इसे करक, करवा, करूआ या करूवा अनेक नामों से जाना जाता है। कई स्थानों पर इसे करवा गौर के नाम से भी पहचाना जाता है।

करवा मिट्टी या धातु से बने हुए लौटे के आकर के एक पात्र को कहते हैं, जिसमें टोंटी लगी होती है। करवा चौथ का व्रत स्त्रियां अपने सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए रखती हैं। शास्त्रों में दो विशिष्ट संदर्भों की वजह से करवा चौथ व्रत के पुरातन स्वरूप का प्रमाण मिलता है। इस व्रत के साथ शिव-पार्वती के उल्लेख की वजह से इसके अनादिकाल का पता चलता है। संपूर्ण भारत में, विशेष रूप से उत्तर-पूर्वी भारत में करवा चौथ का व्रत मनाया जाता है। निर्जला एकादशी व्रत की तरह यह व्रत भी निराहार व निर्जला होता है।

ऐसा माना जाता है कि यह व्रत सिर्फ विवाहिता स्त्रियों के लिए है परंतु अविवाहित कन्याओं द्वारा भी इस व्रत को किए जाने के प्रमाण उपलब्ध हैं। फर्क सिर्फ इतना ही है कि सौभाग्यवती महिलाएं चंद्रदर्शन के पश्चात व्रत तोड़ती हैं और कन्याएं आसमान में पहले तारे के दर्शन के बाद व्रत समाप्त करती हैं। संभव है कि लोकोक्ति पहला तारा मैंने देखा, मेरी मर्जी पूरी इस व्रत के कारण ही शुरू हुई हो। करवा चौथ व्रत में शिव, पार्वती, कार्तिकेय और चंद्रमा की पूजा की जाती है। इस व्रत के लिए चंद्रोदय के समय चतुर्थी होना जरूरी माना गया है। इस व्रत में करवे का विशेष रूप से प्रयोग होता है। महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रखती हैं और चंद्रोदय के बाद भोजन-जल ग्रहण करती हैं। करवे में पकवान भरे जाते हैं या पताशे रखे जाते हैं और उन्हें दान में दिया जाता है। कई स्थानों पर चावल से बने व्यंजन भी रखे जाते हैं। इसी दिन शाकप्रस्थपुर के वेदधर्मा ब्राह्मण की विवाहिता पुत्री वीरवती की कथा सुनाई जाती है, जिसने यह व्रत किया था और पुनः अपने पति को प्राप्त किया था। दीवारों पर या जमीन पर सूर्य, चंद्र और करवे के चित्र बनाए जाते हैं। करवे को चावल व अलग-अलग रंगों से आवृत्तियां बनाकर सजाया जाता है। करवे की टोंटी में सरकंडे की सीकें लगाई जाती हैं। टोंटीवाले करवे के लोटे का चयन संकल्प व आचमन हेतु जल निकालने के लिए किया जाना, संभव है इस व्रत के पूर्व में ही विद्यमान रहा होगा।






स्वामी, प्रकाशक एवं मुंद्रक – नीलम सिंह गिल द्वारा देहात संदेश, गुरूद्वारा सुंदर सिंह रोड़, जम्मू से प्रकाशित एवं नार्थलाईनस पबलिशर्स, 18-बी, फेस-2, इंडस्ट्रियल इस्टेट, गंग्याल, जम्मू से मुद्रित। संपादक– नीलम सिंह गिल। फोन नंबर : (95) 191-2574109, 2548103 RNI Regd. No: JKBIL/2004/13144 Email: dehatsandesh@gmail.com, dehatsandesh@yahoo.com, dehatsandesh@rediffmail.com

# सरकारी डिग्री कॉलेज आरएसपुरा में राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का किया आयोजन



**आरएस पुरा, 9 अक्टूबर (हि.स.)।** सरकारी डिग्री कॉलेज आर.एस. पुरा में गुरुवार को राष्ट्रीय कार्यशाला एवं कौशल संवर्धन उत्सव आर्टफुल बॉन्ड का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. प्रीतपाल कौर ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. नरिंदर सिंह रैना विधायक, आर.एस. पुरा थे और मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध बांसुरी वादक एवं पद्मविभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया के वरिष्ठ शिष्य पंडित संतोष संत थे। उनके साथ हर्षित गिरि और नीरज वर्मा ने तबले पर संगत की। पंडित संतोष संत ने भारत और विदेशों के प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में नियमित रूप से प्रस्तुति दी है। उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारत सरकार के संस्कृति विभाग और आकाशवाणी महानिदेशालय द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है।

वह अभिनव कला सम्मान, सूरदास-सम्मान, सुरमणि, वेणु-श्री और पं. भीमसेन जोशी राष्ट्रीय पुरस्कार जैसे पुरस्कारों से भी सम्मानित हैं। इस दौरान दर्शकों को एक अविस्मरणीय संगीतमय अनुभव का आनंद मिला जिसने बाँसुरी की भव्यता और अभिव्यंजना शक्ति को उजागर किया गया। विशिष्ट अतिथियों, जीडीसी घगवाल की प्राचार्या डॉ. सुजाता स्लाथिया और जीडीसी रामगढ़ की डॉ. मीरू अबरोल की उपस्थिति ने इस आयोजन की महत्ता को और बढ़ा दिया।

स्वागत भाषण अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी मनचंदा ने दिया। कार्यशाला-एवं-कौशल उत्सव में खान-पान और चीनी मिट्टी के स्टॉलों का एक अनूठा मिश्रण प्रदर्शित किया गया जिसने आगंतुकों को एक अनूठा सांस्कृतिक और संवेदी अनुभव प्रदान किया।

# जम्मू मंडल के बारी ब्राह्मणा और अनंतनाग टर्मिनलों पर मारुति वाहनों की समानांतर अनलोडिंग हुई

**जम्मू, 9 अक्टूबर (हि.स.)।** जम्मू और कश्मीर में रसद और परिवहन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, भारतीय रेलवे ने जम्मू मंडल के दो प्रमुख गुड्स शेड टर्मिनलों जम्मू के बारी ब्राह्मणा और कश्मीर घाटी के अनंतनाग पर एक ही दिन मारुति सुजुकी वाहनों से लदे दो नए संशोधित माल रेकों की समानांतर अनलोडिंग सफलतापूर्वक की। ये रेक दिल्ली मंडल के गुड़गांव से भेजे गए थे।बारी ब्राह्मणा टर्मिनल पर रेक से 113 वाहन उतारे गए जबकि अनंतनाग टर्मिनल पर 118 वाहन उतारे गए।

यह पहली बार है कि जम्मू मंडल के दोनों टर्मिनलों पर एक ही दिन में इतनी बड़ी संख्या में वाहनों की अनलोडिंग की गई, जो क्षेत्रीय लॉजिस्टिक्स में एक ऐतिहासिक उपलब्धि को दर्शाती है।

उतारे गए वाहनों में मारुति सुजुकी के लोकप्रिय मॉडल जैसे ऑल्टो, ब्रेज़ा, ईको, डिज़ायर, वैगन-आर, एस-प्रेसो, इग्निस, सुपर कैरी और अर्टिगा शामिल हैं, जो रेल परिवहन के माध्यम से बढ़ती मांग और कुशल आपूर्ति श्रृंखला सुविधा को दर्शाते हैं।

जम्मू मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री उचित सिंघल ने कहा, "जम्मू और कश्मीर में लॉजिस्टिक्स के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है। रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली लागत और समय दक्षता के कारण व्यापार और उद्योग में इसका प्राथमिकता बढ़ रही है। भारतीय रेलवे अब बड़े पैमाने पर ऑटोमोबाइल के लिए भी एक पसंदीदा माध्यम बन गया है। यह उपलब्धि क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स के परिदृश्य में तेजी से हो रहे बदलाव को दर्शाती है। रेलवे परिवहन का उन्नत बुनियादी ढांचा विश्वसनीयता और आर्थिक लाभ सड़क परिवहन की पारंपरिक प्राथमिकताओं को बदल रहे हैं।

# पेंशनभोगियों से शीघ्र जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अपील



**जम्मू, 9 अक्टूबर (हि.स.) ।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) क्षेत्रीय कार्यालय जम्मू ने सभी पेंशनभोगियों से अपील की है कि वे अपनी मासिक पेंशन के निर्बाध वितरण के लिए शीघ्र अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करें। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त सुमीत सिंह ने बताया कि जीवन प्रमाण पत्र जमा करना सभी पेंशनभोगियों के लिए एक वार्षिक अनिवार्यता है। यदि निर्धारित समय पर यह जमा नहीं किया जाता है तो पेंशन का भुगतान स्वचालित रूप से रोक दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में मृतक पेंशनभोगियों के परिजनों द्वारा ईपीएफओ को समय पर सूचना न देने के कारण वास्तविक लाभार्थियों को पेंशन जारी करने में देरी और जटिलताएँ उत्पन्न हो जाती हैं।

सिंह ने बताया कि अब पेंशनभोगी आधार-आधारित फेस रिकग्निशन तकनीक की सहायता से घर बैठे ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए गूगल प्ले स्टोर से आधार फेस आरडी एप और जीवन प्रमाण एप डाउनलोड की जा सकती हैं। ईपीएफओ जम्मू ने उन वृद्ध या विकलांग पेंशनभोगियों की सहायता के लिए एक विशेष टीम गठित की है जो कार्यालय या बैंक शाखा तक नहीं पहुँच सकते।

यह टीम ऐसे पेंशनभोगियों के घर जाकर उन्हें प्रमाण पत्र जमा करने में सहायता करेगी ताकि किसी को भी स्वास्थ्य या आवागमन संबंधी समस्या के कारण असुविधा न हो। जीवन प्रमाण पत्र वर्ष के किसी भी समय जमा किया जा सकता है और यह एक वर्ष तक वैध रहता है। ईपीएफओ ने उन सभी पेंशनभोगियों से, जिन्होंने अभी तक अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है, शीघ्र ऐसा करने का आग्रह किया है।

# नौशेरा में पूर्व सैनिकों के साथ आउटरीच बैठक का आयोजन

**राजौरी, 9 अक्टूबर (हि.स.)।** पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत भारतीय सेना ने व्हाइट नाइट कोर के तत्वावधान में नौशेरा में पूर्व सैनिकों (ईएसएम) के साथ एक आउटरीच बैठक का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में 35 पूर्व सैनिक एकत्रित हुए जिससे भारतीय सेना की अपने परिवार के प्रति गहरी कृतज्ञता और जिम्मेदारी की भावना की पुष्टि हुई। इस बैठक ने कल्याण संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श करने, रोजगार के अवसरों की खोज करने और पूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए शैक्षिक पहलों को बढ़ावा देने के लिए एक मूल्यवान मंच के रूप में कार्य किया।

इस सत्र में क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने पर सार्थक चर्चा भी हुई जिसमें पूर्व सैनिकों ने रचनात्मक प्रतिक्रिया और बहुमूल्य अनुभव साझा किए। इस पहल ने एक बार फिर पूर्व सैनिक समुदाय के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने और उनकी भलाई, सम्मान और समाज में निरंतर एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता को उजागर किया।

# महिलाओं के लिए प्रेरणादायक करियर अवसरों पर व्याख्यान का आयोजन

**पुंछ, 9 अक्टूवर (हि.स.)।** शिक्षा सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत भारतीय सेना ने मरहोट के सरकारी हाई स्कूल में महिलाओं के लिए करियर के अवसरों पर एक व्याख्यान का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में 102 छात्राओं और 13 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। इस व्याख्यान का उद्देश्य युवा लड़कियों को अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। यह व्याख्यान छात्राओं को विविध करियर विकल्पों को तलाशने और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों को समझने में मदद करने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है। इस सत्र को छात्राओं और शिक्षकों दोनों ने खूब सराहा और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने और दूरदराज के इलाकों में युवा लड़कियों की आकांक्षाओं का समर्थन करने की भारतीय सेना की पहल की सराहना की।

इस कार्यक्रम का स्थायी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है जो छात्राओं को अपने लक्ष्यों और सपनों को प्राप्त करने के लिए लगन से काम करने के लिए प्रेरित करेगा।

# युवा राजपूत सभा ने बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मनहास का किया सम्मान

**जम्मू, 9 अक्टूबर (हि.स.) ।** युवा राजपूत सभा (वाईआरएस) के सदस्यों ने गुरुवार को नव नियुक्त बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मनहास से मुलाकात कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सभा ने उन्हें जम्मू की शान और मिट्टी का लाल बताते हुए पूरे डोगरा समुदाय के लिए गर्व का प्रतीक कहा। संगठन के अध्यक्ष संजीव सिंह (रिंकू) के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिथुन मनहास को सम्मानित किया और भारतीय क्रिकेट प्रशासन के सर्वोच्च पद तक उनकी प्रेरणादायक यात्रा की सराहना की।

इस मौके पर संजीव सिंह ने कहा कि हम मिथुन मनहास पर अत्यंत गर्व महसूस करते हैं। उनकी उपलब्धि न केवल राजपूत समाज बल्कि पूरे डोगरा समुदाय के लिए गर्व का क्षण है।

# पीआईबी जम्मू-कश्मीर मीडिया दल ने किया मुंबई फिल्म सिटी का दौरा

**मुंबई।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (PIB) जम्मू-कश्मीर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय मीडिया टूर के तीसरे दिन पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई के दादासाहेब फाल्के चित्रनगरी (फिल्म सिटी), गोरेगांव का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य मीडिया प्रतिनिधियों को फिल्म निर्माण की रचनात्मक और तकनीकी प्रक्रियाओं के साथ-साथ भारतीय फिल्म उद्योग के कार्यप्रणाली से अवगत कराना था।यह दौरा महाराष्ट्र फिल्म, स्टेज एंड कल्चरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों और पीआईबी मुंबई के समन्वय में आयोजित किया गया, जिसके तहत प्रतिनिधिमंडल ने 520 एकड़ में फैली इस विशाल फिल्म सिटी के विभिन्न शूटिंग स्थलों का भ्रमण किया। फिल्म सिटी भारतीय सिनेमा की उत्कृष्टता और सृजनशीलता का प्रतीक मानी जाती



दौरान, मीडिया दल ने कई लोकप्रिय राष्ट्रीय और क्षेत्रीय फिल्मों तथा टीवी धारावाहिकों के सेट का दौरा किया और तकनीशियनों व कलाकारों से बातचीत की। उन्होंने फिल्म निर्माण, शूटिंग प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं के बारे में गहराई से जानकारी प्राप्त की।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट का दौरा किया, जो फिल्म सिटी परिसर के भीतर स्थित है। यहां पत्रकारों ने VFX स्टूडियो और एडिटिंग सुविधाओं का अवलोकन किया और फिल्म निर्माण में उपयोग हो रही नई तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया टीम को बताया कि कैसे वर्चुअल प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग से अब बाहरी शूटिंग की आवश्यकता में काफी कमी आई है और फिल्म निर्माण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी हो गई है।दौरे के बारे में पीआईबी जम्मू की निदेशक सुश्री नेहा जलाली ने कहा,

फिल्म सिटी का यह दौरा हमारे जम्मू-कश्मीर के मीडिया साथियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा। इससे उन्हें भारतीय सिनेमा के विकास, नई तकनीकों और विजुअल स्टोरीटेलिंग की रचनात्मक संभावनाओं को समझने का अवसर मिला। इस प्रकार के अनुभव मीडिया, संस्कृति और तकनीक के बीच संबंधों को गहराई से समझने में मदद करते हैं।

इस अवसर पर पीआईबी मुंबई की मीडिया एवं संचार अधिकारी श्रीयंका चटर्जी भी प्रतिनिधिमंडल के साथ रहीं। गौरतलब है कि पांच दिवसीय पीआईबी जम्मू-कश्मीर मीडिया टूर का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के पत्रकारों को राष्ट्रीय संस्थानों, सांस्कृतिक, नागरिक और बुनियादी ढांचागत प्रतिष्ठानों के दौरे के माध्यम से अनुभवात्मक सीख प्रदान करना है, ताकि मीडिया पेशेवरों के बीच सांस्कृतिक और व्यावसायिक जुड़ाव को और सशक्त किया जा सके।

# कांग्रेस नेता ने भाजपा पर लगाया लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन का आरोप, वोट अधिकार अभियान की शुरुआत की

**जम्मू, 9 अक्टूबर (हि.स.) ।** जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रमन भल्ला ने गुरुवार को भाजपा पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और जनादेश के साथ खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट चोरी के माध्यम से जनता के विश्वास को ठग रही है और लोकतंत्र की बुनियाद को हिला रही है। रमन भल्ला आर.एस. पुरा-जम्मू दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के करन बाग (वार्ड नंबर 73) में आयोजित कांग्रेस के वोट अधिकार हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत पर कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य भाजपा की कथित चुनावी गड़बड़ियों के खिलाफ जनमत तैयार करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता की रक्षा के लिए जनता को संगठित करना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता के दुरुपयोग से देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं, निर्वाचन आयोग, संसद और स्वतंत्र मीडिया, को प्रभावित किया है। सरकार ने इन संस्थाओं को अपने राजनीतिक हितों का उपकरण बना दिया है जिससे लोकतंत्र की आत्मा खतरे में है। भल्ला ने कहा कि कांग्रेस का यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है ताकि भाजपा की चुनावी हेराफेरी को उजागर किया जा सके और जनता को लोकतंत्र पर मंडरा रहे खतरों के प्रति जागरूक किया जा सके।

# गुरु राम दास जी का प्रकाश उत्सव पुंछ में मनाया गया

**जम्मू,, 9 अक्टूबर (हि.स.)।** पूंछ जिले में श्रद्धा और भक्ति का माहौल गुरुद्वारा बैठक महंत मोहर सिंह जी के पास जिला अस्पताल के निकट दिखाई दिया, जहाँ गुरु राम दास जी का प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और गुरुद्वारा परिसर में पवित्र प्रसाद का वितरण किया गया। भजन-कीर्तन और संगत की प्रार्थनाओं से वातावरण भक्तिमय हो गया।

# उधमपुर ने अंडर-14 खो-खो टूर्नामेंट जीती

**कठुआ, 09 अक्टूबर (हि.स.)।** कठुआ में अंडर-14 बालिकाओं के लिए अंतर-जिला संभाग स्तरीय खो-खो टूर्नामेंट का अंतिम दिन संपन्न हुआ जो युवा सेवा एवं खेल विभाग कठुआ द्वारा आयोजित टूर्नामेंटों की श्रृंखला का तीसरा और अंतिम चरण था। दिन की शुरुआत पुंछ जिला और राजौरी जिला के बीच एक रोमांचक शुरुआती मैच से हुई जिसमें पुंछ ने केवल 1 अंक से जीत हासिल की। पहले सेमीफाइनल में उधमपुर जिला का सामना जम्मू जिला से हुआ और उसने कड़े मुकाबले में 1 अंक और एक पारी से जीत



हासिल की। दूसरे सेमीफाइनल में कठुआ जिला ने पुंछ जिला को 9 अंकों से हराकर शानदार जीत हासिल की। बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला उधमपुर जिला और कठुआ जिला के बीच हुआ। बेहतरीन टीम वर्क और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए उधमपुर जिला ने कठुआ को एक पारी और 1 अंक से हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी कठुआ सुनील सिंह संब्याल ने जिला कठुआ को उपविजेता ट्रॉफी तथा विजयी जिला उधमपुर टीम को विजेता ट्रॉफी प्रदान की। 4 अक्टूबर को अंडर-17 वर्ग के साथ शुरू हुआ यह टूर्नामेंट विभिन्न जिलों की अंडर-14 बालिका टीमों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल युवा एथलीटों की प्रतिभा को प्रदर्शित किया बल्कि खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों को भी बढ़ावा दिया जिससे जमीनी स्तर पर टीम वर्क, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा मिला।

# टेक संस्कृति 202 के तहत दो दिवसीय आईईईई डे समारोह संपन्न

**जम्मू, 9 अक्टूबर (हि.स.) ।** केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा टेक संस्कृति 2025 और आईईईई डे का दो दिवसीय उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव जैन के मार्गदर्शन, विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार के नेतृत्व और डॉ. सुरेश लिमकर के समन्वय में संपन्न हुआ। इस दौरान नवाचार-आधारित प्रतियोगिताओं, विशेषज्ञ व्याख्यानों और आईईईई सीआईएस छात्र शाखा अध्याय के उद्घाटन जैसे कई आयोजन हुए।

6 अक्तूबर को आयोजित हैकाथॉन टेक संस्कृति 2025 और पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, टीम भावना और समस्या-समाधान कौशल का प्रदर्शन किया। हैकाथॉन में टीम नेक्सस विजेता रही जबकि टीम यूनिकॉर्न उपविजेता घोषित हुई। पोस्टर प्रतियोगिता में चेरी बोहरा ने पहला और प्राची ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुलपति प्रो. संजीव जैन ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के समग्र विकास में सहायक हैं और उन्हें नवाचार के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# सैनिक स्कूल नगरोटा में वार्षिक एथलेटिक्स मीट 2025 का शुभारंभ

**जम्मू, 9 अक्टूबर (हि.स.) ।** सैनिक स्कूल नगरोटा में बहुप्रतीक्षित वार्षिक एथलेटिक्स मीट 2025 का शुभारंभ मेजर सोमनाथ शर्मा पीवीसी मिनी स्टेडियम में बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के कार्यवाहक प्राचार्य और प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर प्रवीन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। समारोह की शुरुआत कैडेट हाउसेज़ की प्रभावशाली मार्च पास्ट से हुई जिसमें अनुशासन, तालमेल और गर्व की झलक दिखाई दी। इसके बाद स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन द्वारा खेल भावना की शपथ दिलाई गई जिसमें कैडेट्स ने निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का संकल्प दोहराया।

मुख्य अतिथि स्क्वाड्रन लीडर प्रवीन कुमार ने अपने संबोधन में कैडेट्स के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि एथलेटिक्स न केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम है बल्कि यह टीम भावना, धैर्य और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है, जो



भविष्य के सैन्य अधिकारियों के लिए आवश्यक गुण हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को समर्पण और सच्ची खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में टॉर्च रिले का भी आयोजन किया गया। उद्घाटन दिवस पर 400 मीटर हर्डल्स, 800 मीटर, 3000 मीटर और 5000 मीटर दौड़, 4एक्स400 मीटर रिले, लंबी कूद, ऊंची कूद और शॉट पुट जैसी कई रोमांचक स्पर्धाएँ आयोजित की गईं।

# बसपा संस्थापक कांशी राम को महापरिनिर्वाण दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



**आरएस पुरा, 9 अक्टूबर (हि.स.)।** प्रदेश बहुजन समाज पार्टी की तरफ से गुरुवार को आरएस पुरा में कार्यक्रम का आयोजन कर बसपा संस्थापक कांशी राम को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर नितिन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि पार्टी के जम्मू कश्मीर अध्यक्ष दर्शन राणा विशेष तौर पर इस श्रद्धांजलि समारोह के दौरान मौजूद रहे।

इस मौके पर बसपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी संस्थापक कांशी राम के चित्र पर फूलमलाए अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक नितिन सिंह ने पार्टी संस्थापक कांशी राम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज देशभर में बसपा की तरफ से पार्टी संस्थापक कांशी राम जी की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है और बसपा का मकसद है कि उनके विचारों को आम लोगों तक पहुंचाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांशी राम ने हमेशा ही समाज के पिछड़े एवं दलित वर्ग के लोगों को इंसाफ दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया और इस संघर्ष को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती आगे चल रही हैं। उन्होंने कांग्रेस तथा भाजपा पर भी निशाना चाहते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ही सत्ता में रहकर समाज के पिछड़े वर्ग के लोगों को धोखा दिया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी जीत हासिल करेगी और सरकार बनाएगी और जम्मू कश्मीर में भी होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा।

# डीसी ने राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक की, डिजिटलीकरण पर दिया जोर



**कठुआ, 09 अक्टूबर ।** डीसी कठुआ राजेश शर्मा ने आज राजस्व अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें जिले भर में कार्यान्वित की जा रही प्रमुख भूमि एवं राजस्व संबंधी पहलों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक का उद्देश्य कार्य की गति का आकलन करना और राजस्व प्रशासन के विभिन्न घटकों के अंतर्गत लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान, गति शक्ति, मानचित्रों का डिजिटलीकरण, जमाबंदियों का डिजिटलीकरण, मसावी का पुनर्निर्माण और जिला रजिस्ट्रीकरण मामलों के निपटान आदि सहित कई एजेंडा बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। एसीबी, समाधान और सीपीजीआरएएमएस, भूमि अधिग्रहण मामलों, पीएसजीए सेवाओं (फर्द जारी करना, सीमांकन और दाखिल खारिज का सत्यापन) और स्वामित्व योजना के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। प्रत्येक घटक की विस्तृत समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों से निर्धारित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त करने के लिए मिशन मोड में कार्य करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रगति में तेजी लाने और ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति कार्ड निर्माण के लिए शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ह्य

**Office of the Divisional Forest Officer,**
**Research Forest Division, JKFRI Complex, Janipur, Jammu- 180007**
**PH. 0191- 2953938**
**Corrigendum**

**Sub: - 1st year maintenance of 25000 plants raised in 9 x 6 polybags at Lalyal nursery of Research Forest Division, Jammu.**
**Ref: - e-NIT No 06 of 2025-26. Dated: 26.09.2025.**

Due to low response of bids in response to the above cited e-NIT, the said e-NIT is hereby the re-tendered and new dates of submitting bids and opening of bids shall be as under:-
Last date of submitting online bids : 16.10.2025
Date of Opening of Bids : 17.10.2025

**Sd/-**
**(Harpreet Kaur)**
**Divisional Forest Officer**
**Research Forest Division**
**Jammu**
**DIP/J-6691/25**
**Dtd: 9-10-2025**
**No:- JKFRI/Res/J/F-148/2025-26/1298-1302** **Date 08.10.2025.**

# संपादकीय

## साहसिक पर्यटन को गति

यह अच्छी बात है कि जम्मू-कश्मीर सरकार ने हाल ही में साहसिक पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करना शुरू किया है क्योंकि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं, जिनकी इस क्षेत्र में पहले कभी खोज नहीं की गई थी।

इस संदर्भ में, पर्यटन विभाग ने जम्मू के ऐथम में पैराग्लाइडिंग पायलटों के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान (ABVIMAS), मनाली के दो विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य 17 अक्टूबर, 2025 से बीर बिलिंग में आयोजित होने वाले Py प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आगे बढ़ने से पहले स्थानीय पैराग्लाइडिंग पायलटों के तकनीकी और व्यावहारिक कौशल को बढ़ाना है।

यह आवश्यक है कि साहसिक पर्यटन के अंतर्गत आने वाली ऐसी गतिविधियों को संचालित करने वाले लोग पूरी तरह से प्रशिक्षित हों और उनमें आपात स्थितियों को अत्यंत सहजता और कुशलता से संभालने की क्षमता हो। यह अच्छी बात है कि सरकार ने स्थानीय पैराग्लाइडिंग पायलटों को उच्च पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करने की पहल की है ताकि इस खेल में शामिल होने वाले पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह आवश्यक है कि ऐसे खेलों का संचालन करने वाले पायलट पूरी तरह से संचालन कौशल से लैस हों, जो सुरक्षा के लिए एक पूर्वापेक्षा है।

इससे पहले, इसी संदर्भ में, रियासी ज़िले में रिवर राफ्टिंग फिर से शुरू की गई थी, जहाँ ऑपरेटरों ने बारादरी में लंबे समय तक रुकने के बाद चिनाब नदी में राफ्टिंग फिर से शुरू की थी। यह जगह अद्भुत सुंदरता से भरपूर है और इस साहसिक खेल के लिए सबसे उपयुक्त है क्योंकि चिनाब नदी राजसी पहाड़ों और जंगलों से घिरे नदी तटों के बीच बहती है और सैकड़ों साहसिक प्रेमियों को आकर्षित करती है।

कुल मिलाकर, साहसिक पर्यटन ने अपने पंख फैला लिए हैं और अब पूरे ज़ोर-शोर से चल रहा है, जिससे जम्मू-कश्मीर, खासकर जम्मू संभाग में पर्यटन हितधारकों के बीच उम्मीद की किरण जगी है क्योंकि पहली बार पर्यटन विभाग के कामकाज को संभालने वाले लोगों द्वारा ऐसी पहल की गई है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले, उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर और बाढ़ के कारण केंद्र शासित प्रदेश में पर्यटन उद्योग को नुकसान हुआ था, लेकिन अब ऐसा लगता है कि चीजें बेहतर होंगी और कश्मीर के साथ-साथ जम्मू क्षेत्र में भी राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग के साथ साहसिक पर्यटन अध्याय के जुड़ने से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी।

# जेएनपीए- भारत की समुद्री शक्ति और जम्मू-कश्मीर के आयात-निर्यात व्यापार की जीवनरेखा

**लेखक- चंदर मोहन शर्मा**

भारत के पश्चिमी तट पर स्थित जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (JNPA) देश का प्रमुख कंटेनर बंदरगाह है, जिसने न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक व्यापार नेटवर्क से जोड़ा है, बल्कि खुद को भारत की समुद्री शक्ति का केंद्रबिंदु स्थापित किया है। 1989 में स्थापित और अब भारत का पहला लैंडलॉर्ड पोर्ट बन चुका जेएनपीए, परिचालन दक्षता, डिजिटल नवाचार, पर्यावरणीय स्थिरता और व्यापार सुविधा में नए मानक स्थापित कर रहा है।

हाल ही में आयोजित पीआईबी जम्मू-कश्मीर मीडिया टूर टू मुंबई के दौरान जम्मू और श्रीनगर से आए पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जेएनपीए का दौरा किया। इस अवसर पर जेएनपीए के चेयरमैन उन्मेष शरद वाघ ने कहा कि जेएनपीए केवल एक बंदरगाह नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक कनेक्टिविटी की धड़कन है।

जम्मू-कश्मीर के लिए यह जुड़ाव केवल प्रतीकात्मक नहीं है — यह आर्थिक जीवनरेखा है। केंद्र शासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यतः हस्तशिल्प, सूखे मेवे और बागवानी उत्पादों के निर्यात पर निर्भर है, जिनकी समय पर और किफायती ढंग से आपूर्ति के लिए प्रभावी लॉजिस्टिक्स आवश्यक हैं।

वर्तमान में जेएनपीए के पास पाँच प्रमुख कंटेनर टर्मिनल हैं — बीएमसीटी, एनएसआईसीटी और एनएसआईजीटी, जीटीआई (APM Terminals) तथा एनएसएफटी (JNPCT) — जो हर वर्ष लगभग 10.1 मिलियन TEUs और 155 मिलियन टन माल का प्रबंधन करते हैं। बीएमसीटी फेज-II और अतिरिक्त तरल टर्मिनलों जैसी आधुनिक परियोजनाएँ भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए तैयार की जा रही हैं। डिजिटल नवाचारों जैसे RFID और OCR आधारित गेट ऑटोमेशन, सागर सेतु डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-डिलीवरी ऑर्डर और ERP इंटीग्रेटेड मोबाइल ऐप्स ने संचालन को सरल बनाया है। इन सुधारों की बदौलत जेएनपीए ने विश्व बैंक कंटेनर पोर्ट परफॉर्मेंस इंडेक्स 2024 में 96वें स्थान से उछलकर 23वां स्थान



प्राप्त किया — जो इसकी दक्षता और पारदर्शिता का प्रमाण है।

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी जेएनपीए अग्रणी है। पोर्ट के स्पेशल इकोनॉमिक जोन (SEZ) में 1.1 लाख से अधिक पेड़ मियावाकी पद्धति से लगाए गए हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रिक और CNG वाहनों के उपयोग से प्रतिवर्ष 200 टन $CO_2$ उत्सर्जन में कमी आई है, जबकि बैटरी-स्वैपिंग ट्रक और शोर पावर सप्लाई सिस्टम से 500 टन अतिरिक्त कार्बन उत्सर्जन में कमी हो रही है। वर्ष 2029 तक 632 इलेक्ट्रिक ट्रक तैनात करने की योजना भी तैयार की गई है। 277 हेक्टेयर में फैला जेएनपीए का स्पेशल इकोनॉमिक जोन पोर्ट-आधारित औद्योगिकीकरण का केंद्र बन चुका है। इसमें 54 से अधिक प्लॉट विभिन्न उद्योगों — वेयरहाउसिंग, मैन्युफैक्चरिंग और फूड प्रोसेसिंग — को आवंटित किए जा चुके हैं। इससे न केवल निर्यात को प्रोत्साहन मिल रहा है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं, जो जम्मू-कश्मीर जैसे क्षेत्रों के लिए आर्थिक जुड़ाव का नया मार्ग खोलता है।

सड़क और रेल संपर्क के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति हुई है। NH-348, SH-54, अमरा मार्ग, वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और इंदौर-मनमाड रेल लाइन जैसी परियोजनाएँ उत्तर भारत, विशेषकर जम्मू-कश्मीर के लिए तेज़ और सस्ते माल परिवहन को संभव बना रही हैं। जम्मू-कश्मीर के लिए जेएनपीए का यह विकास प्रत्यक्ष लाभ देता है — स्थानीय उत्पादों का तेज़ निर्यात, अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँच, और क्षेत्रीय उद्योगों का राष्ट्रीय व वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकरण। इस बंदरगाह ने वास्तव में स्थल-रुद्ध प्रदेशों को विश्व से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया है।

जेएनपीए कौशल विकास और वैश्विक सहयोग पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। JNPA-एंटवर्प पोर्ट ट्रेनिंग एंड कंसल्टेंसी फाउंडेशन के माध्यम से अब तक भारत और अन्य देशों के 1000 से अधिक पोर्ट अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। यह पहल जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों के हितधारकों को भी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से जोड़ने में मदद कर सकती है।

पीआईबी जम्मू-कश्मीर मीडिया टूर ने यह स्पष्ट कर दिया कि जेएनपीए जैसे रणनीतिक बंदरगाह केवल माल ढुलाई तक सीमित नहीं हैं — वे क्षेत्रों को जोड़ने, अर्थव्यवस्थाओं को सशक्त करने और विकास को गति देने का माध्यम हैं।

जम्मू-कश्मीर के लिए जेएनपीए केवल एक दूरस्थ बंदरगाह नहीं, बल्कि वह आर्थिक जीवनरेखा है जो प्रदेश के उत्पादों, कौशल और संभावनाओं को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच तक पहुँचाती है — और समावेशी भारत के विकास का सशक्त प्रतीक बनती है।

# समय के साथ बदल रहा है डाक विभाग

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारत में डाक विभाग के महत्व को मशहूर शायर निदा फाजली के शेर -सीधा-साधा डाकिया जादू करे महान, एक ही थैले में भरे आंसू और मुस्कान - से समझा जा सकता है। शायर निदा फाजली ने जब यह शेर लिखा था उस वक्त देश में संदेश पहुंचाने का डाक विभाग ही एकमात्र साधन था। डाकिये के थैले में से निकलने वाली चिट्ठी पढ़कर कोई खुश होता था तो कोई दुखी।**

पूरी दुनिया में 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1874 में इसी दिन यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का गठन करने के लिए स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 22 देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। 1969 में जापान के टाकियो शहर में आयोजित सम्मेलन में विश्व डाक दिवस के रूप में इसी दिन को चयन किये जाने की घोषणा की गयी थी। 01 जुलाई 1876 को भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बनने वाला भारत पहला एशियाई देश था। जनसंख्या और अंतरराष्ट्रीय मेल ट्रैफिक के आधार पर भारत शुरू से ही प्रथम श्रेणी का सदस्य रहा है।

भारत में डाकघर का इतिहास ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय से शुरू होता है जब रॉबर्ट क्लाइव ने 1766 में पहली डाक व्यवस्था स्थापित की। वॉरेन हेस्टिंग्स ने 1774 में कोलकाता में पहला डाकघर खोला और 1854 में लॉर्ड डलहौजी ने भारत में एक राष्ट्रीय डाक सेवा की शुरुआत की। आज भारतीय डाक दुनिया के सबसे बड़े डाक नेटवर्क में से एक है जो बैंकिंग, बीमा और अन्य सेवाओं के साथ आम आदमी का भरोसेमंद साथी है। 01 अक्टूबर 1854 को भारतीय डाक विभाग की स्थापना के साथ भारत में पहली बार डाक टिकट भी जारी किया गया था।

विश्व डाक दिवस का मकसद देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में डाक क्षेत्र के योगदान के बारे में जागरुकता पैदा करना है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष 150 से ज्यादा देशों में विविध तरीकों से विश्व डाक दिवस आयोजित किया जाता है। भारतीय डाक प्रणाली का जो उन्नत और परिष्कृत स्वरूप आज हमारे सामने है, वह लंबे सफर की देन है। अंग्रेजों ने डेढ़ सौ साल पहले अलग-अलग हिस्सों में अपने तरीके से चल रही डाक व्यवस्था को एक सूत्र में पिरोने की पहल की थी। उन्होने भारतीय डाक को नया रूप-रंग दिया। पर अंग्रेजों की डाक प्रणाली उनके सामरिक और व्यापारिक हितों पर केंद्रित थी।





**भारत में डाकघर का इतिहास ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय से शुरू होता है जब रॉबर्ट क्लाइव ने 1766 में पहली डाक व्यवस्था स्थापित की**

हमारे देश में पहले डाक विभाग का इतना अधिक महत्व था कि फिल्मों तक में डाकिये पर कई मशहूर गाने फिल्माये गये हैं। मगर अब नजारा पूरी तरह से बदल चुका है। इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव ने डाक विभाग के महत्व को बहुत कम कर दिया है। आज लोगों ने हाथों से चिट्ठियां लिखना छोड़ दिया है। अब ई-मेल, वाट्सएप व सोशल मीडिया, इंटरनेट के माध्यमों से मिनटो में लोगो में संदेशों का आदान प्रदान हो जाता है।

आज डाक में लोगों की चिट्ठियां तो गिनती की ही आती है। मनीआर्डर भी बन्द ही हो गये हैं। मगर डाक से अन्य सरकारी विभागों से सम्बन्धित कागजात, बैंको व अन्य संस्थानो के प्रपत्र काफी संख्या में आने से डाक विभाग का महत्व फिर से एक बार बढ़ गया है। डाक विभाग कई दशकों तक देश के अंदर ही नहीं बल्कि एक देश से दूसरे देश तक सूचना पहुंचाने का सर्वाधिक विश्वसनीय, सुगम और सस्ता साधन रहा है। लेकिन इस क्षेत्र में निजी कम्पनियों के बढ़ते दबदबे और फिर सूचना तकनीक के नये माध्यमों के प्रसार के कारण डाक विभाग की भूमिका लगातार कम होती गयी है। वैसे इसकी प्रासंगिकता पूरी दुनिया में आज भी बरकरार है।

भारत में डाक विभाग के महत्व को मशहूर शायर निदा फाजली के शेर - सीधा-साधा डाकिया जादू करे महान, एक ही थैले में भरे आंसू और मुस्कान - से समझा जा सकता है। शायर निदा फाजली ने जब यह शेर लिखा था उस वक्त देश में संदेश पहुंचाने का डाक विभाग ही एकमात्र साधन था। डाकिये के थैले में से निकलने वाली चिट्ठी पढ़कर कोई खुश होता था तो कोई दुखी।

कुछ वर्ष पूर्व तक डाक विभाग हमारे जनजीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होता था। गांव में जब डाकिया आता था तो बच्चे-बूढ़े सभी उसके साथ डाक घर की तरफ इस उत्सुकता से चल पड़ते थे कि उनके भी किसी परिजन की चिट्ठी आयेगी। डाकिया जब नाम लेकर एक-एक चिट्ठी बांटना शुरू करता तो लोग अपनी या अपने पड़ोसी की चिट्ठी ले लेते व उसके घर जाकर उस चिट्ठी को बड़े चाव से देते थे। उस वक्त शिक्षा का प्रसार ना होने से अक्सर महिलायें अनपढ़ होती थी। इसलिये चिट्ठी लाने वालों से ही चिट्ठियां पढ़वाती भी थी और लिखवाती भी थी। कई बार चिट्ठी पढने-लिखने वाले बच्चों को ईनाम स्वरूप कुछ पैसा या खाने को गुड़, पताशे भी मिल जाया करते थे। इसी लालच में बच्चे ज्यादा से ज्यादा घरों में चिट्ठियां पहुंचाने का प्रयास करते थे।

उस वक्त गांवों में बैक शाखा नहीं होती थी। इस कारण बाहर कमाने गये लोग अपने घर पैसा भी डाक में मनीआर्डर के द्वारा ही भेजते थे। मनीआर्डर देने डाकिया स्वयं प्राप्तकर्ता के घर जाता था व भुगतान के वक्त एक गवाह के भी हस्ताक्षर करवाता था। डाक विभाग अति आवश्यक संदेश को तार के माध्यम से भेजता था। तार की दर अधिक होने से उसमें संक्षिप्त व जरूरी बातें ही लिखी जाती थी। तार भी साधारण और जरूरी होते थे। जरूरी तार की दर सामान्य से दोगुनी होती थी। देश में पहली बार 11 फरवरी 1855 को शुरू हुई तार सेवा को सरकार ने 15 जुलाई 2013 से बन्द कर दिया है। इसके साथ ही डाक विभाग ने रजिस्टर्ड डाक सेवा को भी 01 अक?टूबर 2025 से स्पीड पोस्ट में विलय कर दिया है।

भारतीय डाक विभाग पिनकोड नम्बर (पोस्टल इंडेक्स नम्बर) के आधार पर देश में डाक वितरण का कार्य करता है। पिनकोड नम्बर का प्रारम्भ 15 अगस्त 1972 को किया गया था। इसके अन्तर्गत डाक विभाग द्वारा देश को नो भौगोलिक क्षेत्रो में बांटा गया है। संख्या 1 से 8 तक भौगोलिक क्षेत्र हैं व संख्या 9 सेना की डाक सेवा को आवंटित किया गया है। पिन कोड की पहली संख्या क्षेत्र दूसरी संख्या उपक्षेत्र, तीसरी संख्या जिले को दर्शाती है। अन्तिम तीन संख्या उस जिले के विशिष्ट डाकघर को दर्शाती है।

डाक विभाग के अंतर्गत केंद्र सरकार ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) शुरू किया है। देश के हर व्यक्ति के पास बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने के क्रम में यह एक बड़ा विकल्प होगा। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने देशभर में बैंकिंग सेवाएं शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में इस के माध्यम से देश का सबसे बड़ा बैंकिंग नेटवर्क अस्तित्व में आएगा, जिसकी हर गांव तक मौजूदगी होगी। इन सेवाओं के लिए पोस्ट विभाग के 11000 कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को बैंकिंग सेवाएं देंगे।

बदलते हुए तकनीकी दौर में दुनिया भर की डाक व्यवस्थाओं ने मौजूदा सेवाओं में सुधार करते हुए खुद को नयी तकनीकी सेवाओं के साथ जोड़ा है। डाक, पार्सल, पत्रों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक्सप्रेस सेवाएं शुरू की हैं। डाक घरों द्वारा मुहैया करायी जानेवाली वित्तीय सेवाओं को भी आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। दुनियाभर में इस समय 55 से भी ज्यादा विभिन्न प्रकार की पोस्टल ई-सेवाएं उपलब्ध हैं। भविष्य में पोस्टल ई-सेवाओं की संख्या और अधिक बढ़ायी जायेगी। डाक विभाग से 82 फीसदी वैश्विक आबादी को होम डिलीवरी का फायदा मिलता है।

भारत की आजादी के बाद हमारी डाक प्रणाली को आम आदमी की जरूरतों को केंद्र में रख कर विकसित करने का नया दौर शुरू हुआ था। नियोजित विकास प्रक्रिया ने ही भारतीय डाक को दुनिया की सबसे बड़ी और बेहतरीन डाक प्रणाली बनाया है। राष्ट्र निर्माण में भी डाक विभाग ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। जिससे इसकी उपयोगिता लगातार बनी हुई है। आज भी आम आदमी डाकघरों और डाकिये पर भरोसा करता है। तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में आम जनता का इतना विश्वास कोई और संस्था नहीं अर्जित कर सकी है। यह स्थिति कुछ सालों में नहीं बनी है, इसके पीछे डाक विभाग के कार्मिकों का बरसों का श्रम और लगातार प्रदान की जा रही सेवा छिपी है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# नारी शक्ति का सवश्रेष्ठ उदहारण है करवा चौथ

**रमेश सर्राफ धमोरा**

करवा चौथ विवाहित महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण त्योहार है। सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक पत्नियाँ अपने पति की सलामती के लिए व्रत रखती हैं। पूरे दिन बिना पानी पिए और कुछ भी खाए व्रत रखना आसान नहीं है, लेकिन स्नेही पत्नियाँ अपने पति के प्रति पूरे प्रेम और सम्मान के साथ ये सभी रस्में निभाती हैं। यह त्योहार हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। करवा चौथ का व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए किया जाता है और यह न केवल त्योहार है बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है। कहने को तो करवा चौथ का त्योहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण है। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती हैं।

आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीर्घायु को लेकर सचेत रहती हैं। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है। करवा चौथ शब्द करवा अर्थात मिट्टी का बर्तन और चौथ अर्थात चतुर्थी से मिलकर बना है। इस पर्व पर मिट्टी के करवे का विशेष महत्व होता है। सभी विवाहित महिलाएं पूरे वर्ष इस त्योहार की प्रतीक्षा करती हैं और इसकी सभी रस्मों को श्रद्धा के साथ निभाती हैं।

हमारा भारत धर्म प्रधान देश हैं। यहां साल के सभी दिनों का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं।

किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवाचौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।

शास्त्रों के अनुसार पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिनभर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्ध्य देने के उपरान्त भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं।

सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।

कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें।

व्रत करने वाली महिलाएं करवा चौथ के बारे में कहानी सुनती हैं। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रौपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहन इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ का व्रत बतलाया।

इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लड़के एवं एक गुणवती लड़की थी। एक बार लड़की मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयों से न रहा गया उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपल की पेड़ पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनी से रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाई ने नीचे से बहन को आवाज दी देखो बहन चंद्रमा निकल आया है। पूजन कर भोजन ग्रहण करो।

बहन ने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करते ही उसके पति की मृत्यु हो गई। अब वह दु:खी हो विलाप करने लगी। तभी वहां से रानी इंद्राणी निकल रही थीं। उनसे उसका दु:ख न देखा गया। ब्राह्मण कन्या ने उनके पैर पकड़ लिए और अपने दु:ख का कारण पूछा। तब इंद्राणी ने बताया कि तूने बिना चंद्र दर्शन किए करवा चौथ का व्रत तोड़ दिया इसलिए यह कष्ट मिला। अब तू वर्ष भर की चौथ का व्रत नियमपूर्वक करना तो तेरा पति जीवित हो जाएगा। उसने इंद्राणी के कहे अनुसार चौथव्रत किया तो पुनः सौभाग्यवती हो गई। इसलिए प्रत्येक स्त्री को अपने पति की दीर्घायु के लिए यह व्रत करना चाहिए। द्रोपदी ने यह व्रत किया और अर्जुन सकुशल मनोवांछित फल प्राप्त कर वापस लौट आए। तभी से हिन्दू महिलाएं अपने अखंड सुहाग के लिए करवा चौथ व्रत करती हैं।

कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालच को त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थी का व्रत को पूर्ण करता है तो वह जीवन में सभी प्रकार के दुखों और क्लेशों से मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देश में चौथमाता का सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गांव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गांव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया। यहां के चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहान ने करवाई थी।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## क्वांटम कंप्यूटिंग के दौर में प्रणालीगत सुरक्षा के लिए सेबी उठा रहा कदम: तुहिन कांत पांडेय

**एजेंसी**

**मुंबई।** पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग की शुरुआत से बड़ी सुरक्षा चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि नियामक इसे ध्यान में रखते हुए पहले से ही प्रणाली को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रहा है। तुहिन कांत पांडेय ने मुंबई में आयोजित 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग में ऐसी प्रौद्योगिकी क्षमता है, जिससे पासवर्ड जैसे बेहद सुरक्षित माने जाने वाले सुरक्षा तंत्र भी खतरे में पड़ सकते हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उद्योग समय रहते 'क्वांटम सुरक्षित' प्रणाली के लिए तैयार हो। सेबी प्रमुख ने कहा कि नियामक ने सभी विनियमित हितधारकों की 'क्वांटम के लिए तैयारी' सुनिश्चित करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की है। इस योजना के तहत तीन चरणों- खोज, तैयारी एवं क्रियान्वयन के जरिए अगले दो से चार वर्षों में सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। पांडेय ने कहा कि हम 2028 या 2029 को ध्यान में रखते हुए 'क्वांटम सेफ' कंप्यूटिंग को प्राथमिकता दे रहे हैं, ताकि उद्योग क्वांटम-सुरक्षित क्रिप्टोग्राफी की दिशा में कदम बढ़ा सके। पांडेय ने कहा कि क्रिप्टोग्राफी का मतलब किसी संदेश, डाटा या संचार को अनधिकृत व्यक्तियों से सुरक्षित रखने की तकनीक है। उन्होंने कहा कि क्वांटम मैकेनिक्स के सिद्धांतों पर आधारित क्वांटम कंप्यूटिंग पारंपरिक कंप्यूटर की क्षमताओं से कहीं अधिक जटिल समस्याओं को सुलझाने में सक्षम होगी।

## स्टॉक मार्केट में जेलियो ई-मोबिलिटी की शानदार शुरूआत, मजबूत लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक टू और थ्री व्हीलर बनाने वाली कंपनी जेलियो ई-मोबिलिटी लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 136 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 13.89 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 154.90 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 162.60 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए और इसी स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 19.56 प्रतिशत का फायदा हो गया। जेलियो ई-मोबिलिटी लिमिटेड का 78.34 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.50 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.61 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.76 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.32 गुना सब्सक्राइब हो सका था।

## चिरहरित ने निवेशकों को किया निराश, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**नई दिल्ली।** अलग-अलग सेक्टर्स को इनोवेटिव सॉल्यूशन मुहैया कराने वाली कंपनी चिरहरित लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 21 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 16.80 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर गिर कर 15.96 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गए और इसी स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 24 प्रतिशत का नुकसान हो गया। चिरहरित लिमिटेड का 31.07 करोड़ रुपये का आईपीओ 29 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.88 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.73 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।

## मणिपालसिग्ना ने लॉन्च किया 'सर्व:' - किफायती और भरोसेमंद स्वास्थ्य बीमा समाधान

**जयपुर।** भारत की अग्रणी स्वास्थ्य बीमा कंपनी मणिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस ने राजस्थान में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करते हुए किफायती और भरोसेमंद स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की श्रृंखला प्रस्तुत की है। कंपनी ने राज्य में हजारों परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है और पिछले तीन वित्तीय वर्षों में 54.31 करोड़ रुपये के क्लेम का निपटारा किया है। वर्ष 2024-25 के दौरान मणिपालसिग्ना ने पूरे देश में प्राप्त कुल क्लेम्स में से 94 प्रतिशत का निपटारा किया, जबकि जनवरी से अगस्त 2025 के बीच केवल राजस्थान में ही 11 करोड़ रुपये के क्लेम का भुगतान किया गया। वर्तमान में कंपनी राज्य में चार हजार से अधिक सलाहकारों और पांच शाखाओं के माध्यम से कार्यरत है तथा अगले तीन वर्षों में अपने व्यवसाय को तीन गुना बढ़ाने और आगामी दो वर्षों में शाखाओं की संख्या दोगुनी करने की योजना बना रही है।

# भारत का हाइड्रोजन युग हो गया शुरूः पुरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत का हाइड्रोजन युग शुरू हो गया है। देश का लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का है, जो ग्लोबल मार्केट में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करेगा। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि हरित हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान 3.5 डॉलर प्रति किलोग्राम से घटकर 3 डॉलर प्रति किलोग्राम से नीचे आने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, ÷अगर कीमतें कम होती हैं, तो भारत बड़े पैमाने पर हरित हाइड्रोजन को अपना सकता है, जिससे अंततः हमारी आयात निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत एक विश्वसनीय हाइड्रोजन हब का निर्माण कर रहा है, जो विकास, निर्यात और एक स्वच्छ भविष्य को बढ़ावा देगा। अधिकारिक अनुमानों के अनुसार, 2.5 डॉलर प्रति किलोग्राम की कीमत पर, भारत 150 अरब डॉलर के ऊर्जा आयात की भरपाई कर सकेगा। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि लगभग 1 (एमटीपीए) हरित हाइड्रोजन क्षमता की योजना बनाई गई है, जिसकी शुरुआत 42 केटीपीए टेंडर से होगी और बाद में इसे बढ़ाकर 170 केटीपीए किया जाएगा। पायलट फेज में 9 ईंधन भरने वाले स्टेशनों के साथ 37 हाइड्रोजन वाहन लॉन्च किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 19 कंपनियों को लगभग 9 लाख टन प्रति वर्ष (टीपीए) क्षमता के ठेके दिए गए हैं।




केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4 जनवरी 2023 को 19,744 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी थी। इस मिशन का उद्देश्य 2030 तक हरित हाइड्रोजन के 5 एमएमटी प्रति वर्ष उत्पादन के लक्ष्य के साथ भारत को हरित हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव्स के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के लिए एक ग्लोबल हब बनाना है। मिशन के हिस्से के रूप में निर्यात और घरेलू उपयोग के माध्यम से मांग सृजन को सुविधाजनक बनाना, स्टील, मोबिलिटी, शिपिंग, विकेन्द्रीकृत ऊर्जा का इस्तेमाल, बायोमास से हाइड्रोजन उत्पादन, हाइड्रोजन भंडारण आदि के लिए पायलट परियोजनाएं, ग्रीन हाइड्रोजन हब का विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए समर्थन इसके प्रमुख घटक हैं। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न मदों में 600 करोड़ रुपए का परिव्यय निर्धारित है।

## स्टॉक मार्केट में वालप्लास्ट टेक्नोलॉजीज की मजबूत शुरुआत, फायदे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सिविल कंस्ट्रक्शन सेक्टर में काम करने वाली कंपनी वालप्लास्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत शुरुआत करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 54 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 5.55 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 57 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 59.85 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। हालांकि कारोबार के आखिरी आधे घंटे में हुई मामूली बिकवाली के कारण अपर सर्किट ब्रेक हो गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद ये शेयर 59.70 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 10.56 प्रतिशत का फायदा हो गया। वालप्लास्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का 28.09 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.19 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.74 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.46 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 52.02 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

# भारत सरकार का डेट वित्त वर्ष 31 तक घटकर जीडीपी का 77 प्रतिशत होने का अनुमान : रिपोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का डेट वित्त वर्ष 31 तक घटकर जीडीपी के 77 प्रतिशत तक पहुंच सकता है और वित्त वर्ष 35 में घटकर 71 प्रतिशत हो सकता है, जो कि मौजूदा समय में 81 प्रतिशत पर है। यह जानकारी जारी एक रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया कि जीडीपी अनुपात के मुकाबले डेट में कमी आने की वजह सरकार का राजकोषीय समेकन और जीडीपी वृद्धि दर का लगातार 6.5 प्रतिशत के आसपास बने रहना है। हालांकि, कुछ राज्यों द्वारा दी जाने वाली मुफ्त रेवड़ियों और डेट की स्थिति को भविष्य में मॉनिटर किया जाना आवश्यक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सरकारी डेट में कमी आने का अनुमान है, लेकिन राजस्व प्राप्तियों की तुलना में ब्याज भुगतान में वृद्धि एक चुनौती बनी रहेगी। ग्लोबल इकोनॉमी अपडेट शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकतर विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ज्यादा महंगाई दर



की वजह बढ़ती सेवा लागत, बढ़ती मजदूरी और बढ़ता डेट के स्तर हैं।

इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ते टैरिफ ने भी अमेरिका में महंगाई को बढ़ावा दिया है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने सितंबर में अपनी नीतिगत दर में 25 आधार अंकों की कटौती की थी और इस साल दो और कटौती का संकेत दिया है। केयरएज रेटिंग्स ने संकेत दिया है कि लंबे समय तक शटडाउन रहने से उपभोक्ता और निवेशक धारणा कमजोर हो सकती है और समग्र आर्थिक गतिविधि धीमी हो सकती है। जापान में मुद्रास्फीति कम हो रही है, लेकिन पिछले तीन वर्षों से लगातार केंद्रीय बैंक के 2 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार को उम्मीद है कि साल के अंत तक बैंक ऑफ जापान द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना है।

# जयंत चौधरी ने एआई पर नीति आयोग के रोडमैप का किया अनावरण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने नीति आयोग के फ्रंटियर टेक हब अध्ययन, समावेशी सामाजिक विकास के लिए एआई का शुभारंभ किया। इसे डेलॉइट के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है।कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि ये अग्रणी रिपोर्ट व्यवस्थित रूप से यह पता लगाने का अपनी तरह का पहला प्रयास है कि किस प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अग्रणी प्रौद्योगिकियां भारत के 490 मिलियन अनौपचारिक श्रमिकों के जीवन और आजीविका को बदल सकती हैं। जयंत चौधरी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यह रिपोर्ट अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में समावेशिता और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए एआई का लाभ उठाने का एक रोडमैप प्रदान करती है, जो 2047 तक भारत के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। चौधरी ने कहा, भारत के अनौपचारिक कामगारों को सशक्त बनाना सिर्फ़ एक आर्थिक और मांग-आधारित बनाने के हमारे राष्ट्रीय कौशल एजेंडे के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। उन्?होंने कहा कि सरकार, उद्योग और नागरिक समाज को एक साथ लाकर, यह मिशन यह सुनिश्चित करेगा



प्राथमिकता नहीं, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। कामगारों के लिए एआई में डिजिटल कौशल विकास का लक्ष्य, एआई और अग्रणी तकनीकों का लाभ उठाकर, शिक्षा को अनुकूल, सुलभ कि प्रत्येक कामगार–चाहे वह किसान हो, कारीगर हो या स्वास्थ्य सेवा सहायक–के पास भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था में फलने-फूलने के लिए आवश्यक कौशल, उपकरण और अवसर हों।

# सर्राफा बाजार में मजबूती का सिलसिला जारी, सोना और चांदी ने फिर बनाया तेजी का नया रिकॉर्ड

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला आज भी जारी है। ये दोनों चमकीली धातुएं आज एक बार फिर मजबूती के नए शिखर पर पहुंच गई हैं। आज के कारोबार में सोना 1,750 रुपये से लेकर 1,910 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी भी 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गया है।

कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,23,940 रुपये से लेकर 1,24,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,13,610 रुपये से लेकर 1,13,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,60,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,24,090 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,13,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,23,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24



कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,23,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,13,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,23,940 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,13,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,23,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,24,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,13,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,23,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,13,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,24,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,23,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,13,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## भारत का डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से परिपक्व हुआ : संजय मल्होत्रा

**एजेंसी**

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों से उपयोग में आसान और सभी के लिए सुलभ उत्पाद डिजाइन करने को कहा, ताकि भारत को वित्तीय समावेश हासिल करने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिल सके। संजय मल्होत्रा ने यहां 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। आरबीआई गवर्नर ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि भारत का डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से परिपक्व हुआ है और दैनिक यूपीआई लेनदेन अब वैश्विक रीयल-टाइम भुगतानों का आधा हिस्सा है। उन्होंने बढ़ते डिजिटल धोखाधड़ी के मुद्दे का भी उल्लेख किया और इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास करने की वकालत की। मल्होत्रा ने फिनटेक कंपनियों से आग्रह किया कि वे भारत के कम विकसित क्षेत्रों में पहुंच में सुधार करें, तथा ऐसे उत्पाद डिजाइन करें जो कम डिजिटल साक्षरता वाले लोगों के लिए सहज और उपयोग में आसान हों।ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2025 में आरबीआई के गवर्नर ने फिनटेक कंपनियों के लिए पांच मार्गदर्शक सिद्धांतों को रेखांकित किया, जिसका उद्देश्य भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में वित्तीय समावेशन और नवाचार को गति देना है। उन्होंने कंपनियों को सहज अनुभव बनाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि ग्राहकों को कभी भी सहायता पर निर्भर न रहना पड़े, जिससे परेशानी कम हो और सहभागिता में सुधार हो। उन्होंने कहा कि डेटा की उपलब्धता के कारण अब रिटर्न दाखिल करने जैसे काम में महीनों लगने वाले काम कुछ ही मिनटों में हो जाते हैं। मल्होत्रा ने डिजिलॉकर जैसी तकनीकी पहलों और जीएसटी कार्यान्वयन में सहायक आईटी ढांचे पर भी प्रकाश डाला।

# ग्रीनलीफ इनवायरोटेक ने किया निराश, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वेस्टवाटर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट्स के लिए इंजीनियरिंग, प्रोक्यूरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी ग्रीनलीफ एंवायरोटेक के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 136 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 0.81 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 134.90 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर थोड़ी देर में ही गिर कर 128.15 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 5.77 प्रतिशत का नुकसान हो गया। ग्रीनलीफ एंवायरोटेक का 21.90 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 सितंबर से 6 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस



आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 3.84 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 4.16 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 3.52 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 3.52 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 17.81 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 3 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी मशीनरी और इक्विपमेंट्स की खरीदारी करने, पुराने कर्ज का बोझ हल्का करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 97 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 2.28 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 4.70 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की आय 21 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 39.08 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान कंपनी पर कर्ज के बोझ में लगातार कमी आई। वित्त वर्ष 2022-23 के आखिर में कंपनी पर 6.12 करोड़ रुपये का कर्ज था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिर में कम होकर 5.13 करोड़ रुपये हो गया।

## डीएसएम फ्रेश फूड्स की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री, प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जैपफ्रेश ब्रैंड नेम से फ्रेश मीट प्रोडक्ट्स बेचने वाली कंपनी डीएसएम फ्रेश फूड्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 100 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 120 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर थोड़ी देर में ही 126 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 26 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। डीएसएम फ्रेश फूड्स का 59.06 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 सितंबर से 6 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.36 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.53 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.06 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.96 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 59,06,400 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी कैपिटल एक्सपेंडिचर के साथ ही मार्केटिंग करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 2.74 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 4.67 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 9.05 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की आय 52 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 131.47 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान कंपनी पर कर्ज के बोझ में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 के आखिर में कंपनी पर 2.07 करोड़ रुपये का कर्ज था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिर में बढ़ कर 7.65 करोड़ रुपये हो गया।

## सन स्काई लॉजिस्टिक की स्टॉक मार्केट में शानदार एंट्री, मजबूत लिस्टिंग के बाद अपर सर्किट

**एजेंसी**

**नई दिल्ही।** लॉजिस्टिक सर्विस मुहैया कराने वाली कंपनी सनस्काई लॉजिस्टिक लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 46 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 10.86 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 51 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 53.55 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए और इसी स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 16.41 प्रतिशत का फायदा हो गया। सनस्काई लॉजिस्टिक लिमिटेड का 16.84 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.46 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.01 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.93 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 2 रुपये फेस वैल्यू वाले 36.60 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं।

# भारत नवाचार का लोकतंत्रीकरण कर रहा है, इसे प्रत्येक नागरिक के लिए बना रहा है सुलभ: पेम्मासानी चंद्रशेखर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि राष्ट्रीय मानसिकता में सकारात्मक बदलाव से कृत्रिम मेधा, क्वांटम प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा मिल रहा है। भारत नवाचार को प्रत्येक नागरिक के लिए सुलभ बनाकर इसे एक जन आंदोलन में बदल रहा है। केंद्रीय संचार राज्य मंत्री ने नई दिल्ली के यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के अवसर पर 'कनेक्टिविटी से परेः कल के नवाचार के इंजनों का लोकतंत्रीकरण÷ शीर्षक से एक सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। डॉ. पेम्मासनी चंद्रशेखर ने कहा कि कहा कि भारत नवाचार को एक विशिष्ट प्रयास से जनांदोलन में बदल रहा है। डॉ. चंद्रशेखर ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत एक ऐसा नवाचार इको-सिस्टम तैयार कर रहा है, जो समावेशी, सुलभ और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी हो। उन्होंने कहा, हम भविष्य के नवाचार के इंजनों को प्रत्येक भारतीय के लिए उपयोगी बनाकर इसका लोकतंत्रीकरण कर रहे हैं। 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025' में अपने संबोधन के दौरान मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नवाचार भारत के लिए नया नहीं है। डॉ. चंद्रशेखर ने राष्ट्रीय चिंतन में आए बदलाव को भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि अटल टिंकरिंग लैब्स से लेकर स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत तक की पहल नवाचार को सभी के लिए सुलभ बना रही हैं। भारत की विरासत-शून्य और शतरंज-पर विचार करते हुए उन्होंने कहा, नवाचार हमारे डीएनए में है और हम इसे एक नई सदी के लिए जागृत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने जो हासिल किया है वह व्यवस्थित है। दुनिया भारत पर इसलिए विश्वास करती है क्योंकि भारत को खुद पर विश्वास है। हम भविष्य के नवाचार के इंजनों को हर भारतीय के लिए कारगर बनाकर इसका लोकतंत्रीकरण कर रहे हैं। डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि पिछले दशक में कनेक्टिविटी से रचनात्मकता की ओर भारत की नवाचार यात्रा एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको-सिस्टम बन गया है। यहां 1.9 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं, जबकि पेटेंट दाखिल करने की संख्या दोगुनी हो गई है, जो 2014 में 40,000 से बढ़कर 2025 में 80,000 से अधिक हो गई है। उन्होंने देश के नवाचार परिदृश्य के तेजी से विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि कोड अब टियर-3 शहरों में लिखे जा रहे हैं और स्टार्टअप कॉलेज के छात्रावासों में जन्म ले रहे हैं। नवाचार अब एक विशेषाधिकार नहीं रहा, बल्कि यह एक राष्ट्रीय आदत बनता जा रहा है। डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डिजिटल समावेशन के एक दशक ने जेएएम ट्रिनिटी के जरिए 900 मिलियन उपयोगकर्ताओं तक कम लागत वाली इंटरनेट पहुंच और यूपीआई के 10 अरब से अधिक मासिक लेनदेन के माध्यम से नवाचार की नींव रखी है। इससे प्रत्येक नागरिक को जुड़ने, निर्माण करने और योगदान करने में सक्षम बनाया गया है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3, स्वदेशी 4जी/5जी, मेड-इन-इंडिया एमआरआई और रक्षा निर्यात में 30 गुना वृद्धि जैसी उपलब्धियां भारत की बढ़ती तकनीकी ताकत और आत्मनिर्भरता की ओर इसकी यात्रा को दर्शाती हैं। डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि जीएसटी, दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, श्रम कानूनों का सरलीकरण और पूर्वव्यापी कराधान की समाप्ति जैसे सुधारों ने एक पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उन्होंने कहा, भारत लाइसेंस राज से हटकर विश्वास-प्रथम मॉडल की ओर अग्रसर होकर उद्यमियों को राष्ट्र-निर्माता के रूप में सम्मानित कर रहा है।

## अर्जेंटीना की अदालत ने क्रिस्टिना फर्नांडीज डी किर्चनर पर हमले के दोषियों को सुनाई सजा

**एजेंसी**

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की एक अदालत ने देश की पूर्व उपराष्ट्रपति और विपक्ष की प्रमुख नेता क्रिस्टिना फर्नांडीज डी किर्चनर की हत्या के प्रयास के मामले में दो लोगों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। यह हमला वर्ष 2022 में हुआ था, जब किर्चनर उपराष्ट्रपति पद पर थीं। अदालत ने फर्नांडो साबाग मोंटिएल, जो ब्राजील का नागरिक है और अर्जेंटीना में रह रहा था, को हत्या के प्रयास के अपराध में 10 साल की सजा सुनाई। वहीं उसकी पूर्व प्रेमिका ब्रेंडा उलिआर्टे को अपराध में सहयोगी होने के लिए 8 साल की सजा दी गई। मोंटिएल ने उस वक्त किर्चनर के सिर के ठीक पास लोडेड पिस्तौल तानकर ट्रिगर दबाया था, लेकिन हथियार नहीं चला। बाद में उसने अदालत में स्वीकार किया कि उसका उद्देश्य किर्चनर की हत्या करना था। देश की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक हस्तियों में शामिल किर्चनर पर हुए इस हमले ने पूरे अर्जेंटीना को झकझोर दिया था और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसकी निंदा हुई थी। गौरतलब है कि क्रिस्टिना किर्चनर इस समय एक अलग भ्रष्टाचार मामले में गृह नजरबंदी (हाउस अरेस्ट) में हैं।

## इजराइली खुफिया विभाग ने अपहृत नेपाली नागरिक बिपिन जोशी का नया वीडियो जारी किया

**काठमांडू।** इजराइली खुफिया एजेंसी ने 2023 में 7 अक्टूबर के हमलों के दौरान हमास द्वारा अपहरण किए गए नेपाली छात्र बिपिन जोशी का एक नया वीडियो जारी किया है। हमास के कब्जे में रहे जोशी के परिवार ने पुष्टि की है कि वीडियो बुधवार शाम को सार्वजनिक किया गया है। इज़राइल के बंधक परिवार मंच ने कहा कि वीडियो हाल ही में इजराइली खुफिया इकाइयों को मिला था बरामद और वीडियो में विपिन जोशी को दिखाया गया है, जिसे हमास हमले के दौरान किबुत्ज़ अलुमिम से अपहरण कर लिया गया था। जोशी परिवार ने एक बयान में कहा, गाजा से जीवन के इस सबूत ने हमारे अटूट विश्वास को मजबूत किया है कि वह अभी भी जीवित है। बिपिन जोशी 7 अक्टूबर के नरसंहार से ठीक तीन सप्ताह पहले एक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इज़राइल पहुंचे थे। उन्हें किबुत्ज़ अलुमिम से बंधक बना लिया गया था, जहां कई नेपाली छात्र रह रहे थे। नवंबर 2023 में जोशी ने पकड़े जाने से पहले एक आश्रय में छिपे कई लोगों की जान बचाई थी। विपीन के मित्रों ने उस वक्त बताया था कि उसने आश्रय में फेंके गए दो ग्रेनेडों में से एक को पकड़ा, जिससे आगे हताहतों को रोका जा सका था।

## इजराइल ने मानवीय सहायता लेकर गाजा जा रहे नौ नावों के बेड़े को रोका

**तेल अवीव।** इज़राइली सेना ने गाजा में मानवीय सहायता ले जा रहे नौ नावों के बेड़े को बुधवार तड़के भूमध्य सागर में रोक लिया। इस दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया। इज़राइली विदेश मंत्रालय ने बताया कि हिरासत में लिए गए 145 लोगों को जल्द ही निर्वासित किया जाएगा। इनमें डॉक्टर, राजनेता और तीन तुर्की सांसद समेत कई लो सवार थे। बेड़ा कुछ खाद्य सामग्री और चिकित्सा सहायता लेकर गाज़ा के अस्पतालों के लिए जा रहा था। पिछले हफ्ते 450 से अधिक लोगों को 40 से अधिक नावों पर गाज़ा पहुंचने से रोका गया था। वे भी मानवीय सहायता लेकर जा रहे थे। इनमें यूरोपीय सांसद और जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग भी शामिल थीं। ग्लोबल सुमूद फ्लोटिला नामक इस बेड़े को रोकने की घटना की व्यापक आलोचना हुई और विरोध प्रदर्शन हुए थे। बेड़े से निर्वासित कुछ कार्यकर्ताओं ने इज़राइली गार्ड्स द्वारा उनसे दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया था जिसे इज़राइल ने खारिज कर दिया। इस बीच इजराइल द्वारा कब्जे में ली गई नौ नावों पर सवार लोगों ने इस कार्रवाई को मनमानी और अवैध बताया। आयोजकों ने बताया कि नावों को गाज़ा तट से लगभग 120 समुद्री मील दूर रोका गया। आयोजकों द्वारा जारी वीडियो में देखा गया कि बेड़े की नावों के पास तेज़ गति वाली जहाज़ें आईं और फिर इज़राइली सैनिकों ने उन्हें अपने कब्ज़े में ले लिया। इस दौरान किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। इस बीच इजराइली विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने और युद्ध क्षेत्र में प्रवेश करने का एक और निष्फल प्रयास विफल रहा।

## जापान के कितागावा, ऑस्ट्रेलिया के रॉबसन और अमेरिका के याघी को मिलेगा रसायन विज्ञान का नोबेल

**स्टॉकहोम।** वर्ष 2025 के रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गयी। यह पुरस्कार जापान के सुसुमु कितागावा, ऑस्ट्रेलिया के रिचर्ड रॉबसन और अमेरिका के ओमर एम. याघी को दिया जाएगा। स्वीडिश रॉयल एकेडमी ऑफ साइंसेज ने यह सम्मान उन्हें मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स के विकास के लिए दिया है। यह ऐसे क्रिस्टलीय पदार्थ हैं जो धातुओं और ऑर्गेनिक अणुओं से मिलकर बनते हैं और गैसों, दवाओं एवं रसायनों के भंडारण और शुद्धिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनका ढांचा बेहद छिद्रयुक्त होता है, जिससे ये गैसों, तरल पदार्थों या अणुओं को अवशोषित और संग्रहीत कर सकते हैं। इस खोज ने ऊर्जा भंडारण, पर्यावरण शुद्धिकरण, दवा वितरण और गैस पृथक्करण जैसे क्षेत्रों में क्रांति ला दी। सुसुमु कितागावा जापान के क्योटो विश्वविद्यालय, रॉबसन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय और उमर एम. याघी अमेरिका के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से जुड़े हुए हैं। एकेडमी के मुताबिक पुरस्कार समारोह स्टाकहोम में 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जिस दिन इन पुरस्कारों के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि है। पुरस्कार के तहत विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (करीब 10.3 करोड़ रुपये), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

# श्रीलंकाई नौसेना ने 47 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया, तमिलनाडु के मछुआरा समुदाय में दहशत

**एजेंसी**

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने रातोंरात 47 भारतीय मछूआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया। इससे तमिलनाडु के मछुआरा समुदाय में हड़कंप है। आरोप लगाया गया है कि सभी भारतीय मछुआरे श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से शिकार कर रहे थे। ऑनलाइन पोर्टल न्यूज फर्स्ट श्रीलंका की रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंकाई नौसेना ने अपने देश के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने की गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में 47 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को मन्नार और डेल्फ़्ट समुद्री क्षेत्रों में समन्वित गश्त के दौरान हिरासत में लिया गया। इस अभियान के दौरान पांच भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को जब्त कर लिया गया। भारत के



रामेश्वरम से एक अन्य रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रामेश्वरम के मछली पकड़ने वाले बंदरगाह से 300 से अधिक नावों में सवार मछुआरे कल शाम मछली पकड़ने समुद्र में गए। जब वे धनुषकोडी और थलाईमन्नार के बीच मछली पकड़ रहे थे, तभी उस इलाके में गश्त कर रही श्रीलंकाई नौसेना ने बंदूक के जोर पर रामेश्वरम के 30 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी चार मोटरबोट भी जब्त कर ली। इन मछुआरों को मन्नार नौसैनिक शिविर ले जाया गया। श्रीलंकाई नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन मछुआरों को उनकी नावों के साथ मन्नार मत्स्य विभाग के अधिकारी को सौंप दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंकाई नौसेना ने कल रात श्रीलंका के नेदुनथीवु के पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ रहे 17 मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी एक नाव जब्त कर ली। सीमा पार से मछली पकड़ने के सामान्य आरोप में गिरफ्तार किए गए 17 मछुआरों को कांकेसंथुराई नौसैनिक शिविर ले जाया गया। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि ये मछुआरे किस क्षेत्र के हैं।

## बलोच लिबरेशन आर्मी का खारन में पाकिस्तानी सेना पर धावा, पांच सैनिकों को मारा

**एजेंसी**

**क्वेटा (बलोचिस्तान)।** बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने खारन में पाकिस्तानी सेना के ठिकाने पर धावा बोलकर पांच सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। बीएलए कमांडरों ने खारन के गारक इलाके में बांध के पास कब्जा कर रही पाकिस्तानी सेना को उलटे पांव भागने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई। द बलोचिस्तान पोस्ट (पश्तो भाषा) की रिपोर्ट के अनुसार, बलोच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जैंद बलोच ने मीडिया को भेजे बयान में इस हमले की जिम्मेदारी ली है। बयान में कहा गया है कि बीएलए लड़ाकों नेखारन में पाकिस्तानी सेना को नुकसान पहुंचाया है। बीएलए कमांडरों ने खारन के गारक इलाके में बांध के पास कब्जा कर रही पाकिस्तानी सेना की चौकी को



मटियामेट कर दिया। लड़ाकों ने पाकिस्तानी सेना के जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस दौरान पांच सैनिक मौके पर ही मारे गए और कई घायल हो गए। जैंद बलोच ने कहा कि बलोच लिबरेशन आर्मी हमले की जिम्मेदारी स्वीकार करती है। उधर, बलोचिस्तान में नागरिकों और युवकों को जबरन गायब किए जाने के खिलाफ वॉयस फॉर बलूच मिसिंग पर्सन्स ने संघीय सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने क्वेटा प्रेस क्लब के सामने पीड़ित परिवारों के साथ सभा की।

# ट्रंप ने कहा-अमेरिकी टैरिफ शांति समझौतों में मददगार

**वाशिंगटन।** हमास और इजराइल को गाजा में शांति के लिए तैयार करने में कामयाब होते दिख रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि टैरिफ उन्हें शांति समझौता कराने में मदद करते हैं। टैरिफ शांति समझौते कराने की उनकी क्षमता का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका उन लोगों के साथ समझौता नहीं करेगा जो लड़ते हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं आपको बता रहा हूं कि टैरिफ ने दुनिया में शांति ला दी है। टैरिफ आपको शांति का एक शानदार रास्ता दिखाते हैं और लाखों लोगों की जान बचाते हैं। ट्रंप ने कहा कि उनके टैरिफ ने इस साल की शुरुआत में भारत और पाकिस्तान को युद्धविराम पर सहमत कराने में भूमिका निभाई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रात कहा कि मध्य पूर्व के अन्य देश गाजा के पुनर्निर्माण में मदद करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि वह अन्य देश




गाजा के पुनर्निर्माण में मदद करेंगे। हम इसे सफल बनाने और इसे शांतिपूर्ण बनाए रखने में उनकी मदद करेंगे। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र गाजा युद्धविराम और बंधक समझौते के पूर्ण कार्यान्वयन का समर्थन करेगा। गुटेरेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र निरंतर और सैद्धांतिक मानवीय राहत के वितरण को बढ़ाएगा।

# अपनों के लिए धड़का इजराइल का दिल

**एजेंसी**

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच एक और युद्धविराम होने की सूचना से बंधकों के परिवार ही नहीं राजनीतिक दल बेहद उत्साहित हैं। बंधकों के परिवारों का दिल तेजी धड़क उठा है। लोग जल्द से जल्द अपने प्रियजनों को देखने के लिए बेताब हैं। इजराइल की प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और नेता हमास के साथ हुए इस समझौते से खुश है। सीएनएन चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग ने कहा कि इस समय इजराइल का दिल बंधकों और उनके परिवारों के साथ एक होकर धड़क रहा है। उन्होंने भावुक होते हुए एक्स पर लिखा, भविष्यवक्ता यिर्मयाह ने कहा था कि वे दुश्मन के देश से लौट जाएंगे और बच्चे अपनी सीमाओं पर लौट जाएंगे। रक्षामंत्री इजराइल काट्ज ने इस समझौते को बहुत बड़ा आशीर्वाद बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार जताया है। उन्होंने इस समझौते को संभव बनाने वाले नेतृत्व और इजराइली रक्षा बलों के सैनिकों को भी धन्यवाद दिया। है और उत्साहित है। विपक्षी नेता यायर लैपिड ने लिखा, हम अपने बच्चों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। धन्यवाद ट्रंप! पूर्व रक्षामंत्री बेनी




कैट्ज ने एक्स पोस्ट में लिखा, मैं बंधकों के परिवारों को उनके प्रियजनों, जिनमें आईडीएफ के सैनिक और शहीद सैनिक भी शामिल हैं, की अपेक्षित घर वापसी के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। पूरा देश इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा गैंट्ज़ ने लिखा, हमारे सभी अपहृत लोगों को वापस लाने की योजना के लिए बधाई। हमारी संवेदनाएं उन 48 परिवारों के साथ हैं और हम उन सभी की वापसी की आशा और प्रार्थना करते हैं। जीवित लोग अपने प्रियजनों के पास लौटें।

# ट्रंप ने कहा-इजराइल और हमास ने मानी बात, गाजा में शांति को तैयार, दोनों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आज कुछ देर पहले कहा कि इजराइल और हमास उनकी गाजा शांति योजना को मानने के लिए तैयार हो गए हैं। दोनों ने उनकी 20 सूत्री इस योजना पर सहमति जताई है। युद्धविराम के प्रथम चरण के लिए दोनों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। अनुमान है कि बंधकों की रिहाई सोमवार से शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में इजराइल और हमास के बीच गाजा युद्ध को खत्म करने के लिए परोक्ष वार्ता चल रही है। हमास ने बंधकों और फलस्तीनी कैदियों की अदला-बदली की सूची सौंप दी है।

सीएनएन न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने यह घोषणा करने से पहले स्टेट डाइनिंग रूम से निकलने के बाद से ओवल ऑफिस में फोन पर बातचीत की। इससे लगभग एक घंटे पहले स्टीव विटकॉफ और अपने दामाद जेरेड कुशनर से बात की। कुछ देरबाद



इजराइल और हमास के बीच चल रही वार्ता की प्रगति का विवरण अपने ट्रुथ सोशल पर साझा किया। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि अमेरिका का अनुमान है कि बंधकों की रिहाई सोमवार से शुरू होगी। इस अधिकारी ने कहा कि अब गुरुवार को इजराइली कैबिनेट के समक्ष इस समझौते के प्रस्ताव को रखा जाएगा। इसके बाद युद्धविराम योजना पर अमल शुरू हो जाएगा।

इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें इजराइली संसद नेसेट को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, ट्रंप ने नेतन्याहू को उनके नेतृत्व और कार्यों के लिए बधाई दी। उधर, युद्धविराम संबंधी खबर जंगल में आग की तरह फैल गई है। बंधकों के परिवारों ने खुशी जताई है। बंधक गली और जिव बर्मन के भाई लिरन बर्मन ने समझौते की घोषणा के तुरंत बाद एक्स पर कहा कि वह सचमुच बहुत खुश है। वह अपने प्रियजनों से जल्द से जल्द मिलना चाहता है। इजराइली रक्षा बल के सैनिक इतेय चेन ( जिनका शव हमास के पास है) के पिता रूबी चेन ने एक पोस्ट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी वार्ता दल के अन्य सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

## संसद भंग और वर्तमान सरकार की वैधानिकता को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस और नेकपा एमाले भंग प्रतिनिधि सभा की बहाली और वर्तमान सरकार की वैधता पर सवाल उठाते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रहे हैं। भंग किए गए प्रतिनिधि सभा में ये दोनों सबसे बड़ी पार्टी रही है। नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण महत ने बताया कि दोनों ही दल संयुक्त रूप से इस विषय पर कानूनी परामर्श में शुरू से जुटी हुई है। महत का दावा है कि जैसे ही अदालती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी उसी दिन हमारे तरफ से कोर्ट के याचिका दाखिल करने की तैयारी है।

नेकपा एमाले के उपमहासचिव प्रदीप ज्ञवाली ने कहा कि संसद भंग किसी भी दृष्टि से संवैधानिक नहीं है। उन्होंने बताया कि अदालत का ही आदेश है कि जब तक सरकार बनने की संभावना बनी रहेगी तब तक संसद भंग नहीं होना चाहिए। उसी को आधार बना कर रिट दायर करने की तैयारी है। इन दोनों दलों का मानना है कि सुशीला कार्की सरकार का गठन भी असंवैधानिक है इसलिए इस




सरकार की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया जाएगा। नेपाल के जानेमाने संविधान विशेषज्ञ भीमार्जुन आचार्य ने कहा कि संसद भंग और सरकार की वैधानिकता को चुनौती देने वाली रिट एक साथ ही अदालत में दायर की जाएगी।

# रूस में बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेनी गोलीबारी में तीन लोग मरे, दर्जनों घायल

**एजेंसी**

**मॉस्को।** रूस के सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोड पर यूक्रेनी गोलाबारी और ड्रोन हमले में तीन लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने यह जानकारी दी। ग्लैडकोव ने टेलीग्राम पर लिखा, ÷शेबेकिंस्की में मास्लोवा प्रिस्तान बस्ती पर गोलाबारी हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तीन लोगों की जान चली गई और एक घायल हो गया।÷ उन्होंने आगे बताया कि एक सामाजिक सुविधा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई है। राज्यपाल ने कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने पिछले 24 घंटों में बेलगोरोड क्षेत्र के आबादी वाले इलाकों पर 110 से ज्यादा मानवरहित हवाई वाहनों से



हमला किया और 20 से ज्यादा राउंड गोलाबारी की। उन्होंने बताया कि ग्रेवोरोन्स्की जिले के रिहायशी इलाकों पर 16 ड्रोन और नौ राउंड गोलाबारी की गई। उन्होंने कहा, मोशचेनॉय गांव में एक ट्रक पर ड्रोन हमले में एक बच्चे समेत छह लोग घायल हो गए। चार साल की एक बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी जांच की गई तो बैरोट्रॉमा की पुष्टि नहीं हुई। ग्लैडकोव ने आगे कहा, छह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि एक घायल का बाह्य रोगी उपचार जारी है।

उन्होंने बताया कि एक मोटर वाहन पर ड्रोन हमले में एक अन्य नागरिक घायल हो गया और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। साथ ही, एक घर भी क्षतिग्रस्त हो गया। ग्लैडकोव ने बताया कि क्षेत्र में कई अन्य स्थानों पर यूक्रेनी ड्रोन और अन्य तरीकों से हमले हुए हैं, जिसमें कई लोग घायल हुए हैं।

## पूर्व एफबीआई निदेशक जेम्स कोमी ने खुद को निर्दोष बताया, ट्रंप के दबाव में दर्ज हुए मामले में पेशी

**एजेंसी**

**अलेक्जेंड्रिया (वर्जीनिया)।** अमेरिका के पूर्व एफबीआई निदेशक जेम्स कोमी ने झूठे बयान देने और कांग्रेस जांच में बाधा डालने के आरोपों में अदालत में खुद को निर्दोष बताया। यह मामला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में दायर किया गया बताया जा रहा है और इसे ट्रंप प्रशासन द्वारा उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ पहली बड़ी कानूनी कार्रवाई माना जा रहा है। यह आरोपपत्र ट्रंप की पूर्व निजी वकील लिंडसे हैलिगन द्वारा तैयार किया गया, जिन्हें पिछले महीने वर्जीनिया के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट की यू.एस. अटॉर्नी के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती कोमी के खिलाफ कार्रवाई में हिचक दिखाने पर पद से हटा दिया था। आरोपों के अनुसार, कोमी ने 2020 में एक सुनवाई के दौरान एक रिपब्लिकन सीनेटर से झूठा बयान दिया था कि उन्होंने किसी भी एफबीआई अधिकारी



को मीडिया में अज्ञात स्रोत के रूप में जानकारी देने की अनुमति नहीं दी। अभियोगपत्र में कहा गया है कि उन्होंने एक एफबीआई कर्मचारी को एक संघीय जांच से संबंधित जानकारी साझा करने की अनुमति दी थी, यह जांच संभवतः 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान हिलेरी क्लिंटन से जुड़ी थी। कोमी ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए न्यायिक परीक्षण (ट्रायल) की मांग की है। ट्रंप लंबे समय से अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल भेजने की धमकी देते रहे हैं, लेकिन कोमी के खिलाफ यह पहली बार है जब किसी ग्रैंड ज्यूरी ने औपचारिक आरोपपत्र जारी किया है। गौरतलब है कि ट्रंप ने 2017 में कोमी को बर्खास्त किया था, जब वे एफबीआई में ट्रंप के चुनाव अभियान और रूस के बीच संबंधों की जांच का नेतृत्व कर रहे थे। यह मामला बाद में विशेष वकील रॉबर्ट मुलर की जांच में बदल गया, जिसने निष्कर्ष निकाला कि आपराधिक साजिश के पर्याप्त सबूत नहीं मिले।

## शिकागो के मेयर और इलीनॉय के गवर्नर को जेल में डाला जाएः ट्रंप

**क्रिटो।**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सार्वजनिक तौर पर मांग की कि शिकागो के मेयर और इलीनॉय राज्य के गवर्नर को जेल में डाला जाए। ये दोनों ही डेमोक्रेट नेता हैं। अपने सोशल मीडिया मंच पर ट्रम्प ने शिकागो के मेयर ब्रैंडन जॉन्सन और इलीनॉय के राज्यपाल जे.बी. प्रिट्जकर पर आरोप लगाया कि उन्होंने शहर में तैनात इमिग्रेशन और कस्टम्स इनफोर्समेंट (आईसीई) अधिकारियों की सुरक्षा में विफलता दिखायी। ट्रंप ने कहा, आईसीई के अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करने में असफल रहने पर शिकागों के मेयर को जेल में होना चाहिए। गवर्नर प्रिटजकर को भी। गौरतलब है कि टेक्सास नेशनल गार्ड के सैकड़ों सैनिक शिकागो के बाहरी क्षेत्र में एक सैन्य ठिकाने पर इकट्ठे हो चुके हैं, जहां उन्हें तैनात करने का यह निर्णय प्रिट्जकर, जॉन्सन और अन्य डेमोक्रेट नेताओं द्वारा विरोध के बावजूद लिया गया। ट्रम्प ने इस तरह की तैनाती अन्य अमेरिकी शहरों में बढ़ाने की धमकी दी है। इस बीच एक हालिया सर्वेक्षण में अधिकांश अमेरिकियों ने बिना बाहरी खतरे के शहरों में फौजी तैनाती का विरोध किया है। कई स्थानीय डेमोक्रेट नेताओं का तर्क है कि ट्रम्प कानून और अपराध की समस्या का दिखावा कर रहे हैं ताकि इसका उपयोग सैन्य कार्रवाई को उचित ठहराने के लिए किया जा सके।

# यमन में हूतियों ने एक संयुक्त राष्ट्र कर्मचारी को किया रिहा, बाकी की बिना शर्त रिहाई की मांग

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र ।** संयुक्त राष्ट्र ने यमन में हूतियों द्वारा मानवीय कार्यों में लगे अपने कर्मचारियों की मनमानी हिरासतों की निंदा की है। साथ ही उन्हें बिना शर्त रिहा करने का आग्रह किया है। इसके बाद इस सप्ताह की शुरुआत में यमन में हिरासत में लिए गए एक संयुक्त राष्ट्र कर्मचारी को रिहा कर दिया गया है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दी। स्थानीय समयानुसार दुजारिक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यमन में हमारे सहकर्मियों ने हमें बताया कि मंगलवार को हिरासत में लिए गए अतिरिक्त व्यक्ति को रिहा कर दिया गया है। यमन में अब तक हिरासत में लिए गए संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों की संख्या 53 हो गई है। उन्होंने कहा कि हूतियों ने 2021 से कुछ संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों को हिरासत में लिया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्टीफन दुजारिक ने हूती समूह से यमन में सबसे कमजोर लोगों की सहायता कर रहे सभी संयुक्त राष्ट्र और मानवीय



कार्यकर्ताओं को तुरंत और बिना शर्त रिहा करने का आग्रह किया है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अपने सहयोगियों की लगातार मनमानी हिरासतों और हूतियों के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र परिसरों और संपत्तियों की चल रही गैरकानूनी जब्ती की कड़ी निंदा की थी। उन्होंने हाल ही में नौ अतिरिक्त संयुक्त राष्ट्र कर्मियों को हिरासत में लेने के बाद अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की थी।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा कि ये कार्रवाइयां संयुक्त राष्ट्र की यमन में काम करने की क्षमता में बाधा डालती हैं। महासचिव यमन में संयुक्त राष्ट्र कर्मियों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं।

बयान में कहा गया है कि गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र, गैर-सरकारी संगठनों, नागरिक समाज संगठनों और राजनयिक मिशनों के सभी कर्मियों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई के अपने तत्काल आह्वान को दोहराया है। उन्होंने कहा कि लागू अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार उनका सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने यह भी दोहराया कि उनके कर्मियों को बिना किसी बाधा के स्वतंत्र रूप से काम करने की अनुमति दी जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के परिसर और संपत्तियां अनुल्लंघनीय हैं और संयुक्त राष्ट्र चार्टर और संयुक्त राष्ट्र के विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों पर कन्वेंशन के अनुरूप, हर समय उनकी रक्षा की जानी चाहिए। बयान में कहा गया है, ÷संयुक्त राष्ट्र मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए सभी कर्मियों की सुरक्षित और तत्काल रिहाई और संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के कार्यालयों और अन्य संपत्तियों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करता रहेगा और सभी उपलब्ध माध्यमों से काम करता रहेगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव यमन के लोगों और उनकी आकांक्षाओं का समर्थन करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### जीसीओई जम्मू में रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन, छात्रों ने दिखाया कला का हुनर

**जम्मू, 9 अक्टूबर (हि.स.)** ।गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन जम्मू की सांस्कृतिक समिति द्वारा अर्निंग वाइल लर्निंग थीम पर रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता, रचनात्मकता, सौंदर्यबोध और टीम वर्क की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ.



ज्योति परिहार ने युवाओं में कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक और रचनात्मक कौशलों का न केवल सांस्कृतिक मूल्य है बल्कि इनके माध्यम से विद्यार्थी भविष्य में अपने स्वयं के स्टार्टअप्स और व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं।

कार्यक्रम में छात्राओं और महिला संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेंहदी प्रतियोगिता में लगभग तीस छात्राओं ने हिस्सा लिया जबकि रंगोली प्रतियोगिता में दस प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. दविंदर कौर ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधता हमारे प्राचीन मूल्य प्रणाली में गहराई से निहित है और ऐसे आयोजन इस परंपरा को जीवंत बनाए रखते हैं।

कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति के सदस्य डॉ. सुषमा बाला, डॉ. शालिनी राणा, प्रो. बलवान सिंह, डॉ. शुभ्रा जम्वाल, डॉ. शल्लु जसरोतिया, प्रो. दीपाली देवी, डॉ. शालिनी शर्मा और डॉ. सुरज प्रकाश ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### डीसी ने लखनपुर में जारी जीर्णोद्धार कार्यों एवं मल्टी-स्पोर्ट इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया

**कठुआ, 09 अक्टूबर (हि.स.)**। डीसी कठुआ राजेश शर्मा ने हाल ही में रावी नदी में आई बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हुई संपत्तियों के जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण करने के लिए गुरूवार को लखनपुर प्रवेश द्वार का दौरा किया।

उपायुक्त ने पर्यटन और पशुपालन सहित विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया जिनकी संपत्तियाँ हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश के दौरान रंजीत सागर बांध से अचानक पानी छोड़े जाने के बाद रावी नदी के मार्ग बदलने से सबसे अधिक प्रभावित हुई थीं।

चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को प्रभावित बुनियादी ढाँचे के शीघ्र पुनरुद्धार को सुनिश्चित करने के लिए जीर्णोद्धार प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने भविष्य में होने वाली घटनाओं में नुकसान को कम करने के लिए निवारक उपायों को अपनाने और बाढ़-रोधी टिकाऊ संरचनाएँ बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। बाद में उपायुक्त ने स्पोर्ट्स स्टेडियम कठुआ का दौरा किया और निर्माणाधीन मल्टी-स्पोर्ट इंडोर स्टेडियम के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। डीसी ने पाया कि कार्य तेजी से चल रहा है और उन्होंने कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिया कि दिवाली से पहले इस सुविधा को सार्वजनिक उपयोग के लिए तैयार करने के प्रयासों में तेजी लाई

### पुलिस ने घौ मन्हासन इलाके में 114 क्वार्टर अवैध व्हिस्की के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया

**जम्मू, 9 अक्टूबर (हि.स.)**। अवैध शराब व्यापार के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीमा पुलिस चौकी (बीपीपी) संदवान की एक पुलिस टीम ने आईसी बीपीपी एएसआई राज सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को घौ मन्हासन इलाके में नियमित गश्त के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की।

गश्त के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 114 क्वार्टर जेके देसी व्हिस्की बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुभाष चंद्र, पुत्र बसाखी राम निवासी वार्ड नंबर 4, घौ मन्हासन के रूप में हुई है। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और बरामद शराब को प्रक्रिया के अनुसार जब्त कर लिया गया।

इस संबंध में, दोमाना पुलिस स्टेशन में आबकारी अधिनियम की धारा 48(ए) के अंतर्गत प्राथमिकी संख्या 216/2025 दर्ज की गई है। अवैध खेप के स्रोत और गंतव्य का पता लगाने के लिए आगे की जाँच जारी है। पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी और अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# टैरेस गार्डन या रूफटॉप गार्डन बनाने के टिप्स



टैरेस गार्डन या रूफटॉप गार्डन आपके होम डेकोर को एक अलग लुक देता है। हरियाली के बीच रूफटॉप गार्डन में बैठना बेहद सुकून भरा होता है। बड़े-बड़े शहरों में जगह की कमी के कारण आजकल लोग टैरेस पर गार्डन बनाना पसंद कर रहे हैं। भले आप छोटे से फ्लेट में रहती हैं लेकिन आप चाहें तो अपने रूफटॉप पर एक डेकोरेटिव गार्डन बना सकती हैं। गार्डन में इस्तेमाल होने वाली चीजों और बजट को ध्यान में रखते हुए बस आपको शुरूआत करने की जरूरत है। अगर आपकी बालकनी में सूरज की रोशनी अच्छे से नहीं आती है तो आप अपने टैरेस को डेकोरेटिव गार्डन के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं। आप मॉर्डन गार्डन एक्सेसरीज की मदद से खाली टैरेस को कम लागत में बगीचे में बदल सकती हैं। आप फर्श को साधारण रख सकती हैं या फिर लॉन में आर्टिफिशिल ग्रास कारपेट लगा सकती हैं। चाहे तो वुडन टाइल्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

टैरेस या रूफटॉप गार्डन बनाने का यह मतलब बिल् कुल नहीं कि वहां बहुत सारे पौधे लगा दिए जाए। रूफटॉप गार्डन बनाने के लिए पौधों के साथ खूबसूरती बढ़ाने के लिए कई और पैटर्न शामिल करने होंगे। सही पौधों का चयन करना भी बहुत महत वपूर्ण है। दूसरी ओर, पूरे जगह के इस् तेमाल को लेकर सजग रहने की जरूरत है। सही फर्नीचर चुनने से लेकर लाइट्स लगाने तक, आपको कई बातों का ध यान रखना होगा। तो अगर आप भी खूबसूरत टैरेस गार्डन बनाने की सोच रही हैं और अपनी गार्डनिंग स्किल्स को दूसरे स्तर तक ले जाना चाहती हैं तो इन टिप् स को जरूर आजमाएं।

अगर आपका टैरेस बड़ा है तो कोशिश करें कि बड़े पौधे लगाएं। लंबे और बड़े साइज के पौधे आपके रूफटॉप को एक शानदार लुक देंगे।

सबसे पहले इस बात का ध यान रखें कि टीपिकल रेलिंग या पैरापेट वॉल का इस् तेमाल ना करें। इसके बजाय अपने रूफटॉप को अधिक सुंदर दिखाने के लिए ट्रांसपरेंट ग्लास लगवाएं। लेकिन आपको अगर प्राइवेसी चाहिए तो आप रेलिंग या पैरापेट का इस् तेमाल कर सकती हैं। रेलिंग्स का इस् तेमाल कर रही हैं तो इस जगह का पूरा युज करने के लिए हैंगिंग फ्लॉवर बॉक्सेस लगाएं।

अगर बास्केट और हैंगिंग डेकोरेटिव पॉट्स इस्तेमाल कर रही हैं तो उसमें तरह-तरह के फ्लॉवर्स, हर्ब्स और कई तरह की सब्जियां भी उगा सकती हैं।

रूफटॉप गार्डन बनाने के लिए सबसे पहले अपने टैरेस को एक स्टाइल और थीम दें और उस हिसाब से फर्नीचर सजाएं। अगर आप अपने टैरेस पर डिनर करना पसंद करती हैं तो उसी हिसाब से फर्नीचर का चयन करें।

रूफटॉप तब ज यादा खूबसूरत लगेगा जब वहां अलग-अलग साइज के पौधे होंगे। इसलिए पौधों के साइज में भिन्नता जरूर बनाएं रखें, जैसे कि कुछ छोटे पौधे, कुछ झाड़ियां और कुछ बड़े पौधे।

रूफटॉप को सही लाइट्स से रोशन करना बहुत जरूरी है। रात में रोशनी के साथ अलग-अलग तरह के पौधे बेहद खूबसूरत दिखते हैं। रूफटॉप को सजाने के लिए हैंगिंग लाइट्स का इस्तेमाल भी कर सकती हैं, इससे रात में आपका गार्डन बेहद शानदार दिखेगा। आप चाहे तो टी लाइट कैंडल्स लगाकर एक अलग एम्बियेंस भी क्रिएट कर सकती हैं।

रूफटॉप को सजाने के लिए एक केंद्र बिंदु बनाएं जो सजावट के साथ अच्छी तरह से मेल खाता हो। यह आपके रूफटॉप गार्डन का सबसे मुख्य आकर्षण होगा। इसमें क लासी लुक लाने के लिए कंटेनर पौधों की श्रृंखला, कोई स्टैच्यू, फूलों का पौधा इत यादि सजा सकती हैं।

रंगों का सही चुनाव करें और फर्श, दीवारों, फर्नीचर और रेलिंग की सजावट के लिए तीन तरह के रंगों को चुनें। जिसमें से एक का इस्तेमाल डेकोर के लिए और दो अन्य का इसे फॉलो करने के लिए करें। रूफटॉप के लिए सफेद, बेज या ग्रे जैसे रंग सही रहेंगे।

टैरेस के फर्श को नजरअंदाज ना करें, क योंकि यह रूफटॉप गार्डन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसी फ्लोरिंग स्टाइल का चुनाव करें जो आपकी थीम के अनुरूप हो। लेकिन साथ ही अपने बजट का भी ध यान रखें।

अगर आपका भी रूफटॉप गार्डन बनाने की प्लान है तो इन टिप्स को जरूर फॉलो करें।

**सबसे पहले इस बात का ध यान रखें कि टीपिकल रेलिंग या पैरापेट वॉल का इस् तेमाल ना करें। इसके बजाय अपने रूफटॉप को अधिक सुंदर दिखाने के लिए ट्रांसपरेंट ग्लास लगवाएं। लेकिन आपको अगर प्राइवेसी चाहिए तो आप रेलिंग या पैरापेट का इस् तेमाल कर सकती हैं। रेलिंग्स का इस् तेमाल कर रही हैं तो इस जगह का पूरा युज करने के लिए हैंगिंग फ्लॉवर बॉक्सेस लगाएं।**

**अगर बास्केट और हैंगिंग डेकोरेटिव पॉट्स इस्तेमाल कर रही हैं तो उसमें तरह-तरह के फ्लॉवर्स, हर्ब्स और कई तरह की सब्जियां भी उगा सकती हैं।**

# पीआईबी जम्मू-कश्मीर मीडिया दल ने आईआईटी बॉम्बे और परमाणु ऊर्जा विभाग का दौरा किया



**मुंबई, 9 अक्टूबर।** प्रेस सूचना ब्यूरो जम्मू-कश्मीर द्वारा आयोजित मुंबई प्रेस टूर के अंतर्गत आज जम्मू और कश्मीर के मीडिया प्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT) बॉम्बे और परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य मीडिया को भारत की वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी एवं ऊर्जा अनुसंधान में नवाचारों से परिचित कराना था।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व PIB जम्मू की निदेशक नेहा जलाली ने किया। IIT बॉम्बे में प्रतिनिधिमंडल ने नैनोटेक्नोलॉजी लैब का दौरा किया और नेशनल सेमीकंडक्टर मिशन तथा Semix परियोजना के बारे में जानकारी प्राप्त की, जो स्टार्टअप्स के लिए अकादमिक और उद्योग सहयोग को बढ़ावा देती हैं। प्रतिनिधिमंडल ने प्रो. रवींद्र गुड़ी, उप-निदेशक (वित्त, अवसंरचना और प्रशासन) से भी मुलाकात की और स्वास्थ्य देखभाल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मीडिया तकनीक में नवाचारों पर चर्चा की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने Aspire IITB रिसर्च पार्क फाउंडेशन का दौरा किया, जहां उन्हें उद्योग और अकादमिक संस्थानों के बीच सहयोगी R&D और इनक्यूबेशन सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।

दिन के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने DAE का दौरा किया, जहां श्री राजीव दास और श्री डैनियल बाबू ने परमाणु ऊर्जा के विद्युत और गैर-विद्युत अनुप्रयोगों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, जल प्रबंधन और ऊर्जा सुरक्षा में DAE की महत्वपूर्ण भूमिकाओं को उजागर किया और मीडिया से परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।

नेहा जलाली ने कहा, "IIT बॉम्बे और DAE जैसे प्रमुख संस्थानों का दौरा जम्मू-कश्मीर के पत्रकारों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की प्रगति से परिचित कराता है और उनके पेशेवर दृष्टिकोण को समृद्ध करता है। यह पांच दिवसीय PIB J&K मीडिया टूर देश के अग्रणी संस्थानों के माध्यम से पत्रकारों को भारत की उन्नति, विज्ञान, तकनीक और शासन में उपलब्धियों से अवगत कराने का उद्देश्य रखता है।

### सेना ने स्वच्छता एवं सफ़ाई जागरूकता व्याख्यान का किया आयोजन

**पुंछ, 9 अक्टूबर (हि.स.)**। दूरस्थ समुदायों में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत भारतीय सेना ने लोरन के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता एवं सफ़ाई पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय लोगों और युवाओं को स्वस्थ आजीविका और स्थायी जीवन के लिए स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करना था।

सत्र के दौरान एक विस्तृत व्याख्यान दिया गया जिसमें स्वस्थ जीवन, स्वच्छ परिवेश बनाए रखने और घर पर सरल स्वच्छता प्रथाओं को अपनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को अस्वच्छ परिस्थितियों से होने वाली बीमारियों और उन्हें नियंत्रित करने के लिए आवश्यक निवारक उपायों के बारे में जागरूक किया गया। स्थानीय लोगों और छात्रों को आंगनवाड़ी स्तर पर स्वच्छता अभियान शुरू करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया जिससे सामुदायिक स्वच्छता बनाए रखने की सामूहिक ज़िम्मेदारी और उससे जुड़े लाभों को बल मिला।

इस कार्यक्रम में छात्रों और ग्रामीणों दोनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता प्रथाओं को शामिल करने में गहरी रुचि दिखाई। ग्रामीणों के स्वास्थ्य और कल्याण पर केंद्रित यह पहल सुदूर क्षेत्रों में स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उपस्थित लोगों ने इन प्रयासों की खूब सराहना की और स्वच्छता को एक स्वस्थ समुदाय का अनिवार्य स्तंभ बताया।

### सिरला गाँव में गूंजा कविता का पर्व, साहित्य अकादमी ने आयोजित किया ग्रामलोक कार्यक्रम



**जम्मू, 9 अक्टूबर (हि.स.)** । साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा ज़िला रियासी के ग्राम सिरला स्थित सिरला भागा हाई स्कूल में ग्रामलोक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रकृति की गोद में बसे इस शांत गाँव में जब कविता की धुन बजी, तो वातावरण लोक-संस्कृति और साहित्यिक सौंदर्य से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादमी की डोगरी सलाहकार बोर्ड के संयोजक मोहन सिंह ने की। उन्होंने साहित्य अकादमी की विविध योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामलोक योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों तक साहित्य की पहुँच सुनिश्चित करना और वहाँ की छिपी हुई रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

कार्यक्रम में स्थानीय कवियों अब्दुल क़ादिर कुंदरिया, अब्दुल रशीद, राज कुमार, चेनी राम और बिशन दास घरिया ने अपनी कविताओं के माध्यम से गाँव की मिट्टी की खुशबू और लोक जीवन की सादगी को शब्दों में पिरो दिया। उनकी कविताओं में पहाड़ों की आत्मा, लोकगीतों की लय और ग्रामीण जीवन की संवेदना झलकी। जम्मू से आए वरिष्ठ साहित्यकार पूरन चंदर शर्मा, शिवदेव सुषील और विजय वर्मा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बना दिया। गाँव के लोगों, विद्यार्थियों और साहित्य प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर इस साहित्यिक उत्सव को सफल बनाया। कार्यक्रम की व्यवस्थाएँ गोपाल कृष्ण कोमल ने विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से कीं। समापन के समय जब कविताओं की पंक्तियाँ हवा में तैरती रहीं, तो लगा मानो सिरला गाँव की पहाड़ियों ने साहित्य की नई धुन को अपनी गोद में सहेज लिया हो—एक ऐसी धुन जो आने वाले समय में लोक और साहित्य के बीच सेतु का कार्य करेगी।

